# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, शुक्रवार 2 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 29.8 डिग्री
न्यूनतम 08.2 डिग्री




योग प्रतियोगिता में पाटन विस के खिलाड़ी रहे प्रथम 12


एनआरएलएम कैडरों ने सम्मानजनक मानदेय और भत्ता देने की उठाई मांग 13




## मैत्रीबाग रहा गुलजार, हजारों सैलानियों ने वन्य प्राणियों को देखकर किया नए साल का स्वागत





फोटो : संजय पांडेय

**भिलाई।** 1 जनवरी 2026 यानी साल का पहला दिन...लोगों ने मैत्री बाग पहुंचकर इस दिन को खास बना दिया। जमकर एन्जॉय किया। पूरा दिन वन्य प्राणियों, गार्डन के बीच मौज-मस्ती में बिताया। हर साल की तरह मैत्रीबाग में हजारों सैलानी पहुंचे। पिकनिक का लुत्फ उठाया। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोग ट्विनसिटी के प्रमुख मंदिरों में साईं मंदिर, गणेश मंदिर, अय्यपा मंदिर, जगन्नाथ मंदिर, सेक्टर-9 स्थित हनुमान मंदिर, दुर्ग में चंडी मंदिर, शीतला मंदिर, राम मंदिर, सत्ती चौरा स्थित दुर्गा मंदिर, कादम्बरी नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर भी पहुंचे। ग्रामीण क्षेत्रों में देवबलोदा, बानबरद, कोकड़ी स्थित शिव मंदिर, सगनी घाट, भरदा, ओटेबंद, कौही शिव मंदिर, टोला घाट पाटन भी पहुंचे।

### खबर संक्षेप

## चार निरीक्षक और सात उपनिरीक्षकों का तबादला

**भिलाई।** नए साल के पहले दिन 1 जनवरी को एसएसपी विजय अग्रवाल ने 4 निरीक्षक व 7 उप निरीक्षक का तबादला आदेश जारी किया है। जारी सूची के मुताबिक विभिन्न एवं इकाइयों में पदस्थ कुल 11 अधिकारियों को नवीन पदस्थापना दी गई है। जिसमें निरीक्षक भानुप्रताप साव को थाना प्रभारी अंडा से थाना प्रभारी नंदिनी नगर, पुलिस लाइन से निरीक्षक राजेश मिश्रा को पाटन, थाना प्रभारी धमधा निरीक्षक युवराज साहू को हटाकर ट्रैफिक शाखा जिला दुर्ग, पाटन थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार साहू को प्रभारी नेवई, रानीतराई थाना प्रभारी उप निरीक्षक पुरुषोत्तम कुर्रे को कुम्हारी, पुरानी भिलाई उप निरीक्षक रामनारायण ध्रुव को थाना प्रभारी धमधा, जामगांव आर उप निरीक्षक फागू राम लहरे को थाना भिलाईनगर, नंदिनी थाना प्रभारी पारस ठाकुर को थाना प्रभारी अंडा. नेवई थाना उप निरीक्षक कमल सिंह सेंगर को प्रभारी रानीतराई थाना, कुम्हारी उप निरीक्षक योगेश्वर वर्मा को थाना प्रभारी जामगांव आर और जामगांव आर उप निरीक्षक दरबारी राम तारम को थाना छावनी में पदस्थ किया गया है।

## नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, गिरफ्तार

**भिलाई।** आबकारी विभाग व शराब दुकान में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि बागेश्वर सिटी राजनांदगांव निवासी ओमकुमार सिन्हा ने आबकारी विभाग में और शराब दुकान में नौकरी लगने का झांसा देकर 6 लाख 51 हजार 817 रूपये लिया। जिसमें शुभम सोनकर से 1 लाख, गजेन्द्र सोनकर का 90 हजार, प्रियांश सोनकर से 12 हजार और हेम सिंह साहू 1 लाख 20 हजार रूपये को फोन पे और स्केनर के माध्यम से दिया गया। प्रियांश सोनकर 1 लाख 8 हजार, गजेन्द्र 30 हजार, नागेश 37 हजार रूपये नगद वसूला। मामले में पुलिस ने आरोपी ओमकुमार सिन्हा उर्फ ओमप्रकाश की खोजबीन कर उसे राजनांदगांव से हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने ठगी करना स्वीकार किया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## सशक्त ऐप से फिर मिली चोरी की दो बाइक



**भिलाई।** आईजी रामगोपाल गर्ग के द्वारा सशक्त ऐप का पब्लिक मॉड्यूल को आम नागरिकों के लॉच किया गया था। जिसमें दुर्ग पुलिस सशक्त ऐप डाउनलोड कर जागरूक किया। रेलवे स्टेशन दुर्ग क्षेत्र में सशक्त ऐप के माध्यम से सघन सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्र से दो चोरी की बाइक बरामद की गई। एक वाहन थाना दुर्ग और दूसरी जिला मुंगेली से चोरी हुआ था। बाइक सीजी 07 एलडी 2588, सीजी 10 एनबी 4457 को बरामद किया। पार्किंग संचालकों एवं ऑटो रिक्शा चालकों को सशक्त एप्लिकेशन के उपयोग की जानकारी दी गई। चोरी के वाहनों की पहचान, सूचना देने एवं पुलिस से तुरंत समन्वय की प्रक्रिया समझाई दी गई। सर्च ऑपरेशन उप निरीक्षक डॉ. संकल्प राय के नेतृत्व और छत्तीसगढ़ आर्मी पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन के सहयोग से संपन्न किया गया। फाउंडेशन अध्यक्ष हरप्रीत सिंह, संस्थापक नमिता हांडा, सचिव विजय कुमार सिंह, सदस्य बेनी प्रसाद, संतोष चंद्राकर आदि मौजूद थे।

### श्रेया अस्पताल धमधा के डॉ. अभिषेक पांडेय और प्रबंधक मनीष राजपूत पर केस दर्ज

# महिला की ऑपरेशन के बाद बिगड़ी तबीयत, कम उपकरण वाली एंबुलेंस में बिना डॉक्टर के दुर्ग भेजा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिले में लचर स्वास्थ्य व्यवस्था किसी से छिपी नहीं है। ऐसा ही एक मामला धमधा थाना अंतर्गत ग्राम अछोली से सामने आया है। एक बुजुर्ग महिला पद्ममा बाई वर्मा 10 अक्टूबर को अनियंत्रित होने के बाद गिरकर घायल हो गई थी। उसे उपचार के लिए धमधा के श्रेया अस्पताल और डायग्नोस्टिक सेंटर में भर्ती कराया गया था, जहां अत्यधित दर्द के बाद उसका ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद तबीयत और अधिख बिगड़ गई। 14 अक्टूबर की दोपहर अचानक पद्मा बाई की सांस तेज चलने लगी। सूचना देने पर अस्पताल के दो डॉक्टर पहुंचे और उपचार करने लगे।

कुछ देर बाद महिला को व्हीलचेयर पर कमरे से बाहर लाकर परिजनों से कहा गया कि हालत गंभीर है। दूसरे अस्पताल ले जाना पड़ेगा। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने दो कर्मचारी के साथ एक कंडम एंबुलेंस में महिला को जुनवानी के शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज भेज दिया। एबुंलेंस में कोई भी आपात स्थिति में उपयोग लाए जाने वाले उपकरण नहीं थे। इतना ही नहीं महिला को हॉस्पिटल में छोड़कर दोनों कर्मी भाग खड़े हुए। भिलाई शंकराचार्य अस्पताल में कैजुअल्टी में डॉक्टरों ने महिला की मौत की जानकारी दी। मामले में सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी ने जांच के निर्देश दिए। जांच के बाद वैधानिक कार्रवाई करते हुए एफआईआर कराया गया। वहीं नर्सिंग होम के अंतर्गत प्रकरण तैयार कर पहले नोटिस भेजा गया। जवाब प्रस्तुत करने के बाद कलेक्टर अभिजीत सिंह ने मामले में कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। इधर पुलिस ने श्रेया अस्पताल के प्रबंधन मनीष राजपूत और डॉ.अभिषेक पाण्डेय के खिलाफ धारा 106(1) व 3(5) के तहत जुर्म दर्ज किया है।







### हॉस्पिटल प्रबंधन परिजनों को लगातार करते रहा गुमराह

पुलिस ने बताया कि इस मामले में मृतका के परिजनों को हॉस्पिटल प्रबंधन लगातार गुमराह करते रहा। अछोली निवासी चिरंज वर्मा ने पुलिस को बताया कि उनकी माता पद्मा बाई वर्मा 10 अक्टूबर की रात घर के आंगन में गिर गई थी। उन्हें चलने में दिक्कत और तेज दर्द हो रहा था। 11 अक्टूबर की शाम पद्मा को श्रेया अस्पताल एंड डायग्नोस्टिक सेंटर धमधा में उपचार के लिए दाखिल कराया गया। अस्पताल में डॉक्टर ने पैर टूटने की बात कहकर ऑपरेशन की सलाह दी। परिजनों की सहमति से 12 अक्टूबर को ऑपरेशन किया गया। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के बाद भी महिला की हालत में सुधार नहीं हुआ। खाना न खाने पर जब डॉक्टर से सवाल किया गया तो इसे ऑपरेशन के बाद का सामान्य दर्द बताया गया।

### अधूरे उपकरणों वाली एंबुलेंस से भेजा अस्पताल

परिजनों का आरोप है कि जब मां पद्मा बाई वर्मा को देखा तो उसकी आंखें और मुंह खुले थे। सांस नहीं चल रही थी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि उनकी माता की मौत हो गई। वे उसे कहीं और नहीं ले जाना चाहते। बावजूद श्रेया अस्पताल प्रबंधन ने बिना परिजनों की सहमति के, बिना डॉक्टर के और अधूरे उपकरणों वाली एंबुलेंस से महिला को शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी भिलाई भेज दिया। श्रेया अस्पताल के दोनों कर्मियों ने अस्पताल में छोड़कर तुरंत फरार हो गए। शंकराचार्य अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी। शव की शिनाख्त नहीं होने पर उसे लावारिस हालत में मरच्यूरी में रख दिया गया। इसके बाद परिजनों को महिला का शव मिला था।

### नर्सिंग होम एक्ट का धड़ल्ले से हो रहा उल्लंघन

जिले में पिछले लंबे समय से नर्सिंग होम एक्ट का धड़ल्ले से उल्लंघन हो रहा है। इसे लेकर लगातार शिकायतें भी सामने आ रही है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। इसके कारण लगातार घटनाएं सामने आ रही हैं। जिले में पिछले 3 महीने में 5 से ज्यादा प्रसूता महिलाओं की लापरवाही के चलते मौत हो चुकी है। इधर पावर हाउस में पिछले लंबे समय से एक लैब संचालित हो रहा है, जिसकी लैब की अनुमति है, लेकिन डॉक्टर बैठाकर इलाज की अनुमति नहीं है, लेकिन डॉक्टर इलाज कर रहे हैं। जांच के लिए लैब भेजा जा रहा है। इतना ही नहीं एक डेंटल कॉलेज बिना नर्सिंग होम एक्ट की अनुमति के चल रहा है। इन मामलों की शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई अब तक नहीं की गई है।

### कार्रवाई की अनुशंसा



मामला संवेदनशील है। दो स्तर पर मामले में जांच की गई है। वैधानिक जांच के बाद एफआईआर दर्ज कराई गई है। नर्सिंग होम एक्ट को लेकर श्रेया हॉस्पिटल को नोटिस दिया गया था। जवाब आने के बाद कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। प्रकरण कलेक्टर को प्रस्तुत किया गया है। जल्द ही अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई होगी।

**डॉ. मनोज दानी,** सीएमएचओ दुर्ग

## फ्रूट कंपनी के गोदाम में लगी आग, दो घंटे बाद पाया काबू




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पावर हाउस पर स्थित फल मंडी के पास गुरुवार की रात फ्रूट कंपनी में आगजनी की घटना होने से अपरा तफरी मच गई। हादसे की जानकारी लगते ही मौके पर पुलिस व दमकल की टीम पहुंची और दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक पावर हाउस के श्री कृष्णा फ्रूट कंपनी के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग भयनक रुप ले लिया।

गोदाम में रखा गया फल-भंडारण, पैकिंग सामग्री समेत अन्य सामान जलकर खाक हो गया। आगजनी की घटना से आसपास के दुकानदारों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही जिला सेनानी कार्यालय से दो दमकल वाहन तुरंत पहुंचा। जिनकी मदद से लगातार पानी की बौछार कर आग को बुझाया गया। जिला सेनानी एवं अग्निशमन सेवा दुर्ग के जवान धनु राम यादव के मुताबिक आग काफी भीषण थी, लेकिन फायर टीम ने तुरंत कार्रवाई किया। आग बुझाने के साथ-साथ लगभग आधे घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन भी चलाया गया। जिससे निश्चित किया गया कि कोई व्यक्ति भीतर फंसा न हो। फायर टीम की प्राथमिकता आग को आसपास के अन्य प्रतिष्ठानों तक फैलने से रोकना था। टीम को पूरी सफलता मिली। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। शुरुआती तौर पर पता चला कि आग शॉर्ट सर्किट से लगने की जानकारी मिली है। फिलहाल पुलिस जांच के बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## झूठी शिकायत कर फंसाया, आईजी से शिकायत

**भिलाई।** झूठी शिकायत कर फंसाने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत आईजी से की गई है। नेहरु भवन के सामने सुपेला मार्केट निवासी विंदवासनी प्रसाद शुक्ला का आरोप है कि गुरुदत्त मिश्रा पूजा तिवारी के फूफा है। सुपेला मार्केट निवासी है। पीड़ित का आकाश गंगा में स्टेशनरी की शॉप है। गुरुदत्त, विजय पाण्ड़ेय दुकान आया जाया करते थे। तीन चार दिन बाद पूजा तिवारी भी दुकान पहुंची। विजय पाण्डेय के लिए शादी का चर्चा किया था। पूजा के पिता चंद्रदत्त तिवारी पत्नी के साथ विजय पाण्डेय के निवास गए। दोनों परिवार में शादी की बातचीत हुई उसके बाद 24 नवम्बर को शादी की तारीख तय हो गई। शादी कार्ड देने पीड़ित के शॉप में चंद्रदत्त तिवारी व श्रीमति तिवारी पहुंचे। इसके बाद 23 दिसंबर को विंदवासनी प्रसाद शुक्ला के निवास पर उतई पुलिस पहुंची साथ में विजय पाण्डेय को भी थाने लेकर गई। दोनों को झूठी केस में धारा 318(4) 85 भारतीय न्याय संहिता के तहत फंसाया गया। पूजा तिवारी व उसके पिता के खिलाफ कार्रवाई कर निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने की मांग की है।

# पुलिस का रिपोर्ट कार्ड, 2025 में 93 प्रतिशत अपराधों का निराकरण

### नए साल में पुलिस के काम करने का तरीका होगा अलग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अपराधियों में नकले कसने के लिए हर संभव प्रयास किया। वर्ष 2025 में 93 प्रतिशत अपराधों का निकारण पुलिस ने किया है। उक्ताशय की बातें एसएसपी विजय अग्रवाल ने नए साल पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा है। उन्होंने बताया कि जिले में हुए 53 हत्या के मामले में सारे आरोपी पुलिस गिरफ्त में है। भिलाई तीन के अपार्टमेंट के पास मिले शव मामले में अत्महत्या जैसे लग रहा है। जिसके लिए फॉरेसिंक टीम की मदद ली गई है। वर्ष 2024 में डकैती, लूट, चेनस्नेचिंग, नकबजनी और चोरी समेत अन्य नगद जब्त के अपराध 1296 है। जिसमें 807 आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। लेकिन वर्ष 2025 में 1360 अपराध दर्ज किए गए जिसमें 921 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके पास से 734.39 लाख रुपए का मशरुका और 885.98 लाख रुपए का बरामद किया गया। एसएसपी अग्रवाल ने बताया कि जिले के गैंग हिस्ट्रीशीट 93 अपराधियों के खिलाफ कुल 14 गैंग हिस्ट्रीशीट खोली गई। इसके अलावा वर्ष 2024 में लंबित स्थायी वारंट 4708, प्राप्त स्थायी वारंट 3668 कुल 8376 तामिल 833 कियाा गया। जबकि वर्ष 2025 में लंबित स्थायी वारंट 4538 प्राप्त स्थायी वारंट 1883, कुल वारंट 6421 और तामिली 1272 हुआ। इस दौरान एएसपी सुखनंदन राठौर, अभिषेक झा, पद्मश्री तंवर, ट्रैफिक ऋचा मिश्रा, सीएसपी प्रशांत सिंह पैकरा, हर्षित मेहर, सत्य प्रकाश तिवारी समेत पुलिस अधिकारी मौजूद थे।



### थाना व चौकियों पर फोकस अपराधियों पर नकेल भी

थाना चौकियों का उन्यन किया जाना है। जिसमें वर्ष 2019 से 2024 में हुए बजट में स्वीकृति रुआबांधा में चौकी, नवीन पुलिस चौकी गाडाडीह उतई, जेवरा चौकी का थाना में उन्यन, स्मृति नगर चौकी का थाना में बदलाव होगा। इसके अलावा चार ट्रैफिक थाना सिविक सेंटर, आकाश गंगा सुपेला, थाना दुर्ग, भिलाई-चरोदा पर काम किया जाएगा। जिले के अपराधियों पर नकेल कसने के लिए बेहतर काम किया जाएगा। नशे को लेकर भी पुलिस काम कर रही है।

### पूरे सीजन में अंडरब्रिज में भरा रहता था पानी

# नए साल में शुरू हुआ संधारण के बाद उमरपोटी अंडरब्रिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नए साल में संधारण के बाद उमरपोटी अंडरब्रिज गुरुवार को शुरू हो गया। महीनेभर से यह अंडरब्रिज बंद था। जिसकी वजह से लोगों को दो किलोमीटर घूमकर आना-जाना पड़ रहा था। खासकर विद्यार्थियों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही थी। अंडरब्रिज के बीच का हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसमें बारिश के बाद पानी भरा रहा। रेलवे ने इस अंडरब्रिज की आवाजाही बंद कर पहले पानी बाहर निकाला गया और उसके बाद सरिया डालकर सीमेंटीकरण किया गया है।

पहले



अब



### हजारों लोगों का सीधा सफर हुआ आसान

मरम्मत की वजह से यहां से आवागमन बंद हो गया था। बोरसी और धनोरा जाने के लिए लोगों को दो किलोमीटर घूमकर जाना पड़ रहा था। कॉलेज व स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों सहित आसपास के कालोनी और ग्रामीणों को दिक्कतें उठानी पड़ रही थी। चंद्रनगर, लोकनगर, न्यू नेहरूनगर, कबीरनगर सहित दर्जनभर कालोनीवासी इस अंडरब्रिज का उपयोग रिसाली, धनोरा, बोरसी और दुर्ग आने-जाने के लिए करते हैं। इसी तरह रिसाली, धनोरा, बोरसी और दुर्ग की तरफ से आने वाले लोग भी इसी अंडरब्रिज का उपयोग करते हैं। इसके अलावा उमरपोटी, उतई, पुरई, पतोरा, सेलूद से लेकर पाटन तक से जुड़े ग्रामीण सीधे दुर्ग जाने के लिए इस बायपास रोड का उपयोग करते हैं। तकनीकी रूप से अंडरब्रिज का निर्माण ही गलत जानकार सूत्र बताते है कि पहले ही अंडरब्रिज का निर्माण तकनीकी रूप से गलत किया जा चुका है। इस अंडरब्रिज को जिक-जैक की स्थिति बना दिया गया है। जिसकी वजह से एक तरफ से वाहन प्रवेश करता है तो दूसरी तरफ से आने वाली वाहन दिखाई नहीं देता। जिससे दुर्घटना की संभावना हमेशा बनी रहती है।




## खबर संक्षेप

### दुर्ग में मिनी स्टेडियम और स्वीमिंग पूल का काम होगा पूरा



**दुर्ग।** मंत्री गजेन्द्र यादव ने प्रदेशवासियों को नववर्ष 2026 की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि नया वर्ष सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और नए अवसर लेकर आए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 में दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य पूरे होंगे। उरला क्षेत्र में निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम अगले चार माह में पूरा होने की संभावना है। गयानगर में बन रहा मांगलिक भवन 80 प्रतिशत से अधिक तैयार हो चुका है। अप्रैल के अंत तक इसका कार्य पूरा किया जाएगा। तैराकी से जुड़े खिलाड़ियों के लिए फरवरी तक आधुनिक स्वीमिंग पूल का लोकार्पण किया जाएगा। कसारीडीह सिविल लाइन में रजिस्ट्री कार्यालय का नया भवन और शीतला सब्जी मंडी के उन्नयन कार्य भी इस वर्ष पूरे होंगे। वार्ड 15 सिकोला बस्ती में 50 लाख की लागत से सामुदायिक भवन, बघेरा से आनंद सरोवर होते हुए नेशनल हाईवे तक अप्रोच रोड और 2 करोड़ की लागत वाली सड़क परियोजना को भी पूरा किया जाएगा। जेल तिराहा से मिनीमाता चौक पुलगांव तक और महाराजा चौक से बोरसी तक फोरलेन सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा।

### बाबा घासीदास का संदेश अनुकरणीय : ताम्रध्वज



**अंडा।** ग्राम कोलिहापुरी,करगाडीह एवं ग्राम बिरेझर में आयोजित गुरू घासीदास जयंती समारोह में पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का संदेश देकर सामाजिक समरसता की भावना को सुदृढ़ किया है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग राकेश हिरवानी, आशा विक्की मिश्रा,किशोरी देशमुख, टिकेश्वरी देशमुख आदि उपस्थित थे।

### निधन

#### अभिषेक पांडे



**भिलाई।** क्वार्टर नंबर 10 एफ , स्ट्रीट-7, सेक्टर 2 निवासी 32 वर्षीय अभिषेक पांडे का गुरुवार को निधन हो गया। वे स्वर्गीय शैलेंद्र पांडे के पुत्र व जितेंद्र पांडे के भतीजे थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को दोपहर 12.30 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा।

#### किताबुल बेगम



**भिलाई।** मरौदा सेक्टर वार्ड 12 के ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार की मां किताबुल बेगम का निधन गुरुवार को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 2 जनवरी को दोपहर 12 बजे निज निवास एम पाकेट/ब्लॉक 11, क्वार्टर ए मरौदा सेक्टर से सेक्टर-6 के जामा मस्जिद के लिए निकलेगी और केम्प 1 मुस्लिम कब्रिस्तान में सुपुर्दे ख़ाक किया जायेगा। वे मुश्ताक अहमद की मां, फरहान, जीशान, रेहान और जिया की दादी थीं।

# नए साल में स्वीमिंग पूल, हॉर्स राइडिंग, सीजीबी प्लांट की मंजूरी

## निगम आयुक्त ने ली अधिकारियों की विशेष बैठक, काम तेजी से पूरा कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आज निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय द्वारा एक विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में निगम क्षेत्र के विकास कार्यों, जनहित से जुड़ी योजनाओं और आगामी नववर्ष की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। जनहित और विकास कार्यों पर विशेष जोर दिया जाए।

बैठक के दौरान आयुक्त ने वर्तमान में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर टी एल, जनदर्शन, जन शिकायत एवं अन्य शिकायतो पर गहन चर्चा किया गया । इसके पश्चात उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम भिलाई का मुख्य ध्येय नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनहित के मामलों को प्राथमिकता दें और फाइलों के निराकरण में अनावश्यक विलंब न करें।

### शहर में होंगे ये विकास कार्य

आयुक्त ने नववर्ष 2026 के आगमन पर भिलाई की जनता को मिलने वाली संभावित सौगातों और विकास परियोजनाओं के रोडमैप पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि नए साल में स्विमिंग पूल, हॉर्स राइडिंग, गारमेंट फैक्ट्री, सीबीजी प्लांट, गोबर गैस प्लांट, फिजियोथैरेपी हॉस्पिटल, सड़कों का निर्माण, उच्च क्षमता वाले पानी टंकियां का निर्माण, पाइपलाइन विस्तार के कार्य, बेहतर आवागमन सुविधा हेतु सिटी बस सहित शहर के बुनियादी ढांचे, स्वच्छता और सौंदर्यीकरण को लेकर व्यापक स्तर पर कार्य किए जाएंगे, जिससे नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार होगा।



### ये निर्देश दिए

जिसमे विकास कार्यों की समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण पूर्णता प्राथमिकता हो। स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए सफाई व्यवस्था में सुधार कीजिए। नागरिकों की शिकायतों का त्वरित और संतोषजनक निवारण हो, जिससे आम नागरिक परेशान ना हो। इस बैठक में अपर आयुक्त राजेंद्र दोहरे, उपायुक्त नरेन्द्र बंजारे, डी के कोसरिया, सभी जोन आयुक्त, सभी कार्यपालन अभियंता एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आदर्श शहर बनाना है भिलाई को

अधिकारियों को कार्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया और शहर वासियों से अपील की हैं कि निगम के कार्यों में सहयोग करें। अधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए आयुक्त ने कहा कि नए साल में हमें नई ऊर्जा और समर्पण के साथ काम करना है। हमारा लक्ष्य भिलाई को एक आदर्श शहर बनाना होना चाहिए। सभी अधिकारी और कर्मचारी टीम भावना के साथ जनहित के कार्यों में जुट जाएं ताकि हम लोगों को बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकें।

## वार्ड 14 में मूलभूत सुविधाओं का संकट, सड़क और नाली के बिना लोग परेशान

# नाले पर पुलिया बनी बड़ी समस्या बरसात में घुटनों तक भरता है पानी

## टैक्स देने के बाद भी सुविधाओं से वंचित लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

वार्ड परिक्रमा

शांतिनगर वार्ड 14 के लोग आज भी सड़क, नाली और निकासी जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। वार्ड परिक्रमा के दौरान जो तस्वीर सामने आई, वह चौंकाने वाली है। नगर निगम के जोन-2 अंतर्गत आने वाले इस वार्ड के कई इलाकों में अब तक न तो सड़क बनी है और न ही नाली। हालात इतने खराब हैं कि कुछ जगहों पर लोग अपना पैसा लगाकर खुद ही नाली बनवा रहे हैं। जहां नाली नहीं है, वहां घरों से निकलने वाला पानी खाली जमीन पर जमा हो जाता है। सबसे बड़ी समस्या नाले के ऊपर बनी पुलिया है।

पुलिया निर्माण के दौरान बड़े नाले के लिए सिर्फ एक पाइप डालकर काम पूरा कर दिया गया। नतीजा यह होता है कि बरसात के दौरान जब नाला उफान पर आता है, तो इस इलाके में घुटनों तक पानी भर जाता है। लोगों का आना-जाना तक मुश्किल हो जाता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वे कई बार जनप्रतिनिधियों और नगर निगम को अपनी समस्या बता चुके हैं। सड़क और नाली निर्माण की मांग बार-बार उठी, लेकिन आज तक कोई काम शुरू नहीं हुआ। इधर वार्ड में आवारा मवेशियों और कुत्तों की समस्या भी बढ़ती जा रही है। गली-मोहल्लों में झुंड के रूप में घूमते मवेशियों से लोग परेशान हैं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है।





### पुलिया निर्माण की मांग



वार्ड निवासी संतोष महापात्रा, बीआर गोस्वामी, नवीन सिंह राजपूत, अंकेश वर्मा, संतोष सिंह ने बताया कि सड़क 28 चन्द्रनगर से गुजरने वाले मुख्य नाले के ऊपर पाइप डालकर पुलिया का निर्माण किया गया है, लेकिन यह व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही है। बरसात के दिनों में जब नाला उफान पर आता है, तो यह पुलिया बेअसर हो जाती है और पूरे इलाके में बाढ़ जैसी स्थिति बन जाती है। लोगों का आना जाना बंद हो जाता है और राहगीर पानी में फंस जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस गंभीर समस्या की जानकारी कई बार जनदर्शन के माध्यम से और सीधे नगर निगम को भी दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। संतोष महापात्रा का कहना है कि जब वार्ड के नागरिक समय पर टैक्स जमा कर रहे हैं, तो नगर निगम की जिम्मेदारी है कि उन्हें बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

### सड़कें बारिश में कीचड़ से बिगड़ते हैं हालात



वार्ड निवासी धनंजय पाल, नोभा पाल, मीरा देवी, काजल दत्ता, जोत्सना महापात्रा ने बताया कि मुख्य सड़क पर तो डामरीकरण किया गया है, लेकिन अंदरूनी गलियां आज भी कच्ची हैं। सड़क नहीं बनने की वजह से लोगों को रोजाना दिक्कत का सामना करना पड़ता है। जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं और पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में स्थिति और खराब हो जाती है। पूरी गली कीचड़ से भर जाती है और पानी भरने के कारण सड़क दलदल जैसी हो जाती है। बच्चों, बुजुर्गों और स्कूली छात्रों के लिए रास्ता पार करना तक चुनौती बन जाता है। निवासियों का कहना है कि वे लगातार सड़क मरम्मत और निर्माण की मांग उठा रहे हैं, लेकिन अब तक अंदरूनी गलियों पर कोई ठोस काम शुरू नहीं हुआ। लोगों की मांग है कि वार्ड 14 के अंदरूनी क्षेत्रों में सड़क निर्माण को प्राथमिकता दी जाए।

### चन्द्रनगर में नाली नहीं, घरों का पानी सड़क पर बह रहा



वार्ड निवासी सुरेन्द्र खोब्रागढ़े, दीपाली पाल, गीता खोब्रागढ़े और नेहा सिंह ने बताया कि चन्द्रनगर क्षेत्र में नालियों का निर्माण नहीं किया गया है। नाली नहीं होने के कारण घरों से निकलने वाला पानी सीधे सड़क पर बहता है। कई जगहों पर पानी जमा हो जाता है, जिससे गंदगी और बदबू फैलती है।निवासियों ने कहा कि मजबूरी में लोग अपने पैसे से नाली बनवा रहे हैं, क्योंकि कहीं से कोई सुनवाई नहीं हो रही। उनका कहना है कि इस समस्या को बार-बार जनप्रतिनिधियों और नगर निगम अधिकारियों के सामने रखा गया, लेकिन अब तक कोई काम शुरू नहीं हुआ। लोगों ने यह भी स्पष्ट कहा कि वे नियमित रूप से नगर निगम को टैक्स जमा कर रहे हैं, फिर भी क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं।

### पुलिया के लिए भेजा गया प्रस्ताव

दो पुलिया बनाने के लिए नगर निगम को 9 लाख रुपए का प्रस्ताव भेजा गया है। बारिश के पहले पुलिया बनने की प्रबल संभावना है। इसके बनने से लोगों को राहत मिलेगी। वहीं चन्द्रनगर के कुछ इलाके में जब बसाहट शुरू हो रही थी, तब वह अवैध प्लाटिंग में आता था। इसलिए वहां विकास कार्य पहुंचने में देर हुई। आने वाले समय में विकास कार्य किए जाएंगे।

**-अभिषेक मिश्रा,** पार्षद वार्ड 14, शांतिनगर

# युवाओं, वैज्ञानिकों, किसानों और जनसाधारण के नवाचार को उजागर करने का एक माध्यम है मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- मन की बात कार्यक्रम में मंत्री गजेन्द्र यादव ने कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 129वें एपिसोड को लेकर दुर्ग विधानसभा क्षेत्र ने पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि पर मंत्री गजेन्द्र यादव ने भारतीय जनता पार्टी दुर्ग के समस्त पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को हृदय से बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को लेकर दुर्ग शहर के भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह रहता है। प्रत्येक माह समाज के विभिन्न वर्गों के साथ बैठकर इस संवाद को सुनने की परंपरा दुर्ग में बनी है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल विचारों का आदान-प्रदान है, बल्कि यह देश के युवाओं, वैज्ञानिकों, किसानों, महिलाओं और जनसाधारण के नवाचारों और सफल प्रयासों को उजागर करने का एक प्रेरणादायी माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस संवाद में बदलते भारत की तस्वीर, विज्ञान, तकनीक, कौशल विकास और सामाजिक समरसता के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हो रहे प्रयासों की झलक मिलती है, जो भावी कार्ययोजनाओं के निर्धारण में दिशा प्रदान करती है। दुर्ग विधानसभा की यह उपलब्धि भाजपा कार्यकर्ताओं की निष्ठा, सक्रियता और समाज के प्रति समर्पण का प्रतिफल है। मन की बात पर दुर्ग को उपलब्धि मिलने पर मंत्री गजेन्द्र यादव ने दुर्ग जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, मन की बात के जिला प्रभारी संतोष सोनी एवं सह प्रभारी रजा खोखर, विधान सभा प्रभारी राहुल पंडित, सह प्रभारी आसिफ़ अली सैय्यद, मंडल अध्यक्ष बंटी चौहान, मनमोहन शर्मा, कौशल साहू, महेन्द्र लोढ़ा, कमलेश फेकर, मंडल के प्रभारी, मन के बात के अतिथि, बूथ कार्यक्रम के प्रभारी, बूथ अध्यक्ष मौजूद थे।

### स्वतंत्रता सेनानियों पर केंद्रित गीत का मंचन



**पाटन।** चित्रोत्पला लोककला परिषद द्वारा संस्कृति विभाग ,शासन के सहयोग से विगत दिनों ग्राम झीट,जिला दुर्ग में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के ऊपर गीत तथा नाटक का सफल मंचन किया गया। कार्यशाला में तैयार गीत एवं नाटक में राकेश तिवारी,मोहन साहू,नरेंद्र यादव,नीतीश यादव,हेमलाल पटेल,अर्जुन मानिकपुरी,मनीष लदेर,विशाल वर्मा,हर्ष यादव, महेश कौशिक,सुरेश यादव,ओंकार फ़रिकार, देवप्रकाश, काजल, कोयल, भूमिका,रूपेश, राधिका और नीलम गीता सहित तीस कलाकारों ने भाग लिया। सभी कलाकारों का सम्मान भी किया गया। पूरे कार्यक्रम में गीत भजन के अलावा शहीद वीर नारायण सिंह के नाटक को उपस्थित जन समुदायों ने काफी पसंद किया कार्यक्रम का संचालन कोमल साहू द्वारा किया गया।

## योग प्रतियोगिता में पाटन विस के खिलाड़ी रहे प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेलूद

सांसद खेल महोत्सव 2025 में दुर्ग लोकसभा की विभिन्न विधानसभाओं से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महोत्सव के अंतर्गत आयोजित योग विद्या प्रतियोगिता में पाटन विधानसभा के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। ऑल ओवर खेल प्रदर्शन में पाटन विधानसभा के खिलाड़ियों ने 138 अंक अर्जित कर संपूर्ण दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 15 से 30 वर्ष आयु वर्ग में केशव सिंह ने प्रथम एवं भूमिका साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 9 से 15 वर्ष आयु वर्ग में अंतरा साहू द्वितीय स्थान पर रहीं। 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में इंदु सोनकर ने तृतीय स्थान तथा 75 वर्ष आयु वर्ग में तुलाराम वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल और विशिष्ट अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय योग खिलाड़ी धीरेन्द्र वर्मा मुख्य प्रशिक्षक थे। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर डॉ दिनेश चन्द्रवंशी (जिला आयुष अधिकारी) गोस्वामी जयंत विष्णु भारती (छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन), डॉ अनिता साहू, अनूप बंसल (सह राज्य प्रभारी, भारत स्वाभिमान) भारत लाल ताम्रकार, संतोष यादव,लाला राम वर्मा,खिलेश्वर वर्मा एवं मर्रा सरपंच मुकेश देवांगन सहित अन्य पदाधिकारियों मौजूद थे।



### भक्तिमय श्रीरामकथा पहंदा में आज से



**पाटन।** पहंदा गांव में 57 वीं श्रीरामकथा का वार्षिक आयोजन 2 से 4 जनवरी तक रखा गया है। सुबह 11 बजे से संगीतमय श्रीरामकथा प्रतिदिन अलग अलग मण्डलियों द्वारा होगी। हर दिन 5 चिन्हित मंडली भाग लेंगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में संघ व संतसमाज के वक्ताओं द्वारा धर्म मंच को संबोधित करेंगे। 2 जनवरी को संघ के प्रांत सामाजिक सदभाव प्रमुख कौशलेंद्र प्रताप संबोधित करेंगे। 3 जनवरी को जामड़ी पाटेश्वर धाम के संत रामबलकदास महात्यागी का सम्बोधन होगा। 4 जनवरी को प्रान्त संघचालक टोपलाल वर्मा का सम्बोधन होगा।

### बिजनेस साइट

## पं. मदन मोहन मालवीय की जयंती पर वार्षिक उत्सव का आयोजन

**भिलाई।** पंडित मदन मोहन मालवीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कोहका भिलाई में पं. मदन मोहन मालवीय जयंती एवं वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम उपरोक्त कार्यक्रम में पं. मदन मोहन मालवीय के तैलचित्र पर मुख्य अतिथि द्वारा माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के डायरेक्टर एवं सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह 'छोटू' के अस्वस्थ होने के कारण वे स्वयं उपस्थित नहीं हो सके। सर्व समाज कल्याण समिति के महासचिव मलकीत सिंह, उपाध्यक्ष जोगा राव, शाहनवाज़ कुरैशी, अनिल चौधरी, निर्मल सिंह 'निम्भे', रमन राव, इंद्रजीत सिंह 'चिंटू', राम हिंदरिया, रिज्जू सिंह, वाजिद अंसारी, रमन सारथी, गुरप्रीत सिंह, पंकज शर्मा, सुनील यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिद्वारिका प्रसाद साहू अध्यक्ष पं. मदन मोहन मालवीय शिक्षण समिति कोहका, भिलाई, विशेष अतिथि के रूप में गिरवर बंटी साहू सभापति, नगर पालिक निगम भिलाई, विजय साहू पूर्व क्रेडा सदस्य छ.ग. शासन, के. आर. देशमुख सचिव पं. मदन मोहन मालवीय शिक्षण समिति, दिनेश वर्मा पालक शिक्षक समिति सदस्य, गया प्रसाद वर्मा पूर्व पालक शिक्षक समिति अध्यक्ष, उपाध्यक्ष देवसिंग साहू, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र जेठमल, पूर्व प्राचार्य पुरुषोत्तम साहू उपस्थित थे। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में पंडित मदन मोहन मालवीय के बारे में व्याख्यान दिया गया ।



## छत्तीसगढ़ यूपी बिहार रेलयात्री सेवा संघ ने सांसद को कराया अवगत

# नौतनवा और गोंदिया बरौनी का पावर हाउस में हो स्टॉपेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- संघ ने सांसद व विधायक को रेल मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

छत्तीसगढ़ यूपी बिहार रेलयात्री सेवा संघ ने सासंद विजय बघेल और भिलाई विधायक देवेंद्र यादव से मुलाकात की। इस दौरान संघ ने रेल यात्रा से संबंधित विभिन्न मांगों का ज्ञापन दोनों जनप्रतिनिधियों को सौंपा। सांसद बघेल व विधायक यादव ने संघ को आश्वासन दिया है कि जनहित की मांगों को रेल मंत्री तक पहुंचाएंगे और इसे पूरा करवाने हर संभव प्रयास करेंगे। सांसद विजय बघेल और विधायक देवेंद्र यादव से मिलने वालों में प्रमुख रूप से हाजी एच.एम. सिद्दीकी, हीरा लाल यादव मोहम्मद सलीम, विवेक नायक ,के.एन.यादव, अनूप नायक और राम हरेंद्र सहित अन्य लोग शामिल हैं। संघ की ओर से इस दौरान मुख्य रूप से दुर्ग गोरखपुर नौतनवा एक्सप्रेस 18201 और 18202 का नियमित परिचालन और दुर्ग स्टेशन से समय परिवर्तित कर चलाने के साथ गोंदिया बरौनी एक्सप्रेस 1523115232 को सप्ताह में 3 दिन वाया मऊ बेल्थरा रोड, सलेमपुर, भटनी, सिवान, छपरा होते हुए चलाने एवं वापसी में भिलाई पावर हाउस में स्टॉपेज देने संबंधी मांग की गई। रेल मंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि यूपी पूर्वांचल तथा बिहार उत्तरांचल क्षेत्र के लाखों लोग छत्तीसगढ़ के भिलाई दुर्ग रायपुर बिलासपुर जगदलपुर व अन्य क्षेत्रों में निवासरत हैं जो अपने गृह ग्राम जाने के लिए नौतनवा एक्सप्रेस व गोंदिया बरौनी एक्सप्रेस का इस्तेमाल करते हैं। विदित हो कि दुर्ग रेलवे स्टेशन से नौतनवा एक्सप्रेस सप्ताह में केवल दो दिन ही चलती है जिसके कारण यात्रियों को अपने सुविधा अनुसार अथवा निर्धारित समय पर यात्रा करने के लिए टिकट नहीं मिल पाती है। सप्ताह में केवल 2 दिन चलने कारण यात्रियों का अत्यधिक दबाव रहता है और अनेक यात्री समय पर यात्रा करने से वंचित हो जाते हैं। इस समस्या के निराकरण हेतु नौतनवा एक्सप्रेस को नियमित रूप से चलाया जाना अति आवश्यक है।



### यात्रियों को रात स्टेशन में बितानी पड़ती है

नौतनवा एक्सप्रेस दुर्ग स्टेशन से छूटने के समय में परिवर्तन के संबंध में संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि नौतनवा एक्सप्रेस दुर्ग रेलवे स्टेशन से शाम 7.40 बजे रवाना होती है जो दूसरे दिन बनारस पहुंचती है इसके बाद मऊ बेल्थरा रोड सलेमपुर भटनी देवरिया होते हुए रात्रि गोरखपुर व नौतनवा पहुंचती है देर रात स्टेशन में उतरने के कारण अपने निर्धारित स्थान तक जाने के लिए कोई अन्य सवारी नहीं मिल पाती है जिसके कारण यात्रियों को रात भर रेलवे स्टेशन में गुजारना पड़ता है। यदि नौतनवा एक्सप्रेस को दुर्ग स्टेशन से सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे के बीच चलाया जाए तो उपरोक्त प्रमुख रेलवे स्टेशन दिन में ही मिलेंगे और यात्री सही समय पर अपने निर्धारित स्थान तक पहुंच जाएंगे। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि दुर्ग से सिवान जाने के लिए कोई भी सीधी रेल सुविधा नहीं है। वर्तमान में यह ट्रेन वाया बलिया छपरा प्रतिदिन चल रही है। इसे सप्ताह कम से कम 3 दिन वाया मऊ बेल्थरा रोड, सलेमपुर भटनी, सिवान, छपरा चलाई जाने से सिवान व गोपालगंज जाने वाले यात्रियों को सुविधा होगी। गोंदिया बरौनी एक्सप्रेस रूट में पहले से ही सारनाथ एक्सप्रेस प्रतिदिन चल रही है। इसलिए गोंदिया बरौनी को सप्ताह में कम से कम 3 दिन वाया मऊ सलेमपुर, भटनी, मैरवा, सिवान, छपरा होकर चलाया जाना उत्तम होगा। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि नौतनवा एक्सप्रेस व गोंदिया बरौनी एक्सप्रेस का वर्तमान में अप डाउन दोनों में भिलाई पावर हाउस स्टेशन पर स्टॉपेज नहीं है। वापसी के समय अक्सर भिलाई पावर हाउस सुपेला के आसपास चेन पुलिंग होती है इसलिए की भिलाई पावर हाउस के आसपास निवासरत व्यक्ति ही ज्यादा तादाद में इस रेल से यात्रा करते हैं यदि वापसी के समय भिलाई पावर हाउस स्टॉपेज दे दिया जाए तो चेन पुलिंग की समस्या समाप्त हो जाएगी।

### गुमशुदा की तलाश



सुभाष कुमार नायक

सुभाष कुमार नायक (30 वर्ष) पिता बलदाऊ राम नायक गुढ़ियारी रायपुर से लापता हो गया है। काला जींस और नीला शर्ट पहना हुआ है। हिंदी और छत्तीसगढ़ भाषा जानते है। घर से काम पर जा रहा हूं बोल कर निकला है, आस-पास और रिश्तेदारों के घर भी पता कर लिया है, लेकिन कहीं नहीं मिला। जिस किसी भी सज्जन को दिखे या मिले तो कृपया निम्न पते पर सूचित करे।

**बलदाऊ राम नायक**
ग्राम-पंदर, पो. आ. गुजरा, थाना-पाटन
जिला-दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9755824556, 8269090390

जगजीवन आयुर्वेद



धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.

आज ही गारंटी से इलाज कराएँ.

शॉप नं. C11, महालक्ष्मी मार्केट, टॉकीज के नीचे, पुलगाँव चौक, दुर्ग
मो. 7869433660, 9399486858

# अधिकारी-कर्मचारियों के आंदोलन के समर्थन में उतरे वोरा, बोले-वादों पर अमल करे सरकार

## हिंदी भवन के सामने धरने पर बैठे कर्मचारी, शासन को अपनी मांगों से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मोदी की गारंटी लागू करवाने और लंबित मांगों के निराकरण को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर जिलेभर के अधिकारी-कर्मचारी जिला स्तरीय कलम बंद, काम बंद आंदोलन पर चले गए हैं। आंदोलन के चलते कलेक्ट्रेट सहित विभिन्न शासकीय कार्यालयों में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा, वहीं एसडीएम व तहसील कार्यालयों में नियत प्रकरणों की सुनवाई नहीं हो सकी। जिन मामलों में आज सुनवाई होनी थी, उनकी आगामी तिथियों की सूचना कार्यालयों के बाहर चस्पा की गई।

फेडरेशन के पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार अधिकारी-कर्मचारी सामूहिक अवकाश लेकर 31 दिसंबर तक आंदोलनरत हैं। इस क्रम में विभिन्न विभागों के कर्मचारी



हिन्दी भवन, दुर्ग के सामने एकत्रित होकर दिनभर धरना-प्रदर्शन करते रहे और अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की।

धरना स्थल पर पहुंचे वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा ने आंदोलनरत अधिकारी-कर्मचारियों को अपना समर्थन दिया। वोरा के पहुँचते ही कर्मचारियों में से कुछ ने मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे मोतीलाल वोरा के कार्यकाल को याद किया। कर्मचारियों ने कहा कि उस दौर में कर्मचारियों के हितों को लेकर सरकार का रवैया सकारात्मक रहता था और कर्मचारियों को कई प्रकार की सुविधाएं एवं लाभ समय पर मिलते थे। उन्होंने यह भी कहा कि उस समय शासन-प्रशासन कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनता और समाधान की दिशा में पहल करता था।

सरकार को इस चेतावनी को गंभीरता से लेना चाहिए। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता लागू करना, डीए एरियर्स को जीपीएफ खाते में समायोजित करना, चार स्तरीय समयमान वेतनमान, विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियां दूर करना, कैशलेस उपचार सुविधा लागू करना, 300 दिवस अर्जित अवकाश नगदीकरण, संविदा व अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण तथा सेवानिवृत्त आयु 65 वर्ष किए जाने जैसी मांगें शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### शब्दों की सादगी के कवि थे शुक्लः बृजेंद्र दानी

**धमधा।** धमधा नगर पंचायत के उपाध्यक्ष बृजेंद्र दानी ने हिंदी साहित्य के विशिष्ट कवि एवं कथाकार विनोद कुमार शुक्ल को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि हुए यह कहना अनुचित नहीं होगा कि उन्होंने साहित्य को आडंबर से मुक्त कर संवेदना से जोड़ा। उनकी रचनाओं में जीवन की साधारण घटनाएँ असाधारण अर्थों के साथ उपस्थित होती हैं। छत्तीसगढ़ की भूमि से उपजे विनोद कुमार शुक्ल ने कविता, कहानी और उपन्यास के माध्यम से आम मनुष्य के भीतर छिपे संघर्ष, करुणा, मौन और संवेदनशीलता को स्वर दिया।

### पहंडोर स्कूल को मिला पांच पानी जार

**सेलूद।** भूतपूर्व सरपंच स्वर्गीय गजेंद्र मढ़रिया की स्मृति में उनके धर्मपत्नी एवं वर्तमान सरपंच माया मढ़रिया और उनके सुपुत्र संदीप मढ़रिया ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला पहंडोर को पांच नग पानी जार सप्रेम भेंट किया। विद्यालय के शिक्षक ओम प्रकाश पाण्डेय ने पानी जार मिलने से बच्चों की पेयजल समस्या हाल होने की बात कही है। इस दौरान प्राचार्य लक्ष्मण कुमार देवांगन, माध्यमिक विभाग प्रभारी हुमेंद्र कुमार देवांगन एवं प्राथमिक विभाग प्रभारी रजनी वर्मा सहित ममता साहू, ओम प्रकाश पाण्डेय, जया झा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिलीप मढ़रिया सहित सभी सदस्यों ने आभार जताया है।

### नए साल में लगेंगे स्मार्ट बिजली मीटर




**दुर्ग।** सीएसपीडीसीएल ने 65 प्रतिशत बिजली उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की सौगात दे दी है। अब उपभोक्ता नए साल में अपनी बिजली खपत के एक-एक पैसे का हिसाब रख सकेंगे। दुर्ग, बालोद और बेमेतरा के 9.80 लाख उपभोक्ताओं में से कुल 5.71 लाख उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लग चुका है। भिलाई शहर पश्चिम में 62075, भिलाई पूर्व संभाग में 48968, दुर्ग शहर संभाग में 59244 मीटर लग चुके हैं। स्मार्ट मीटर लगाना पूरी तरह से निःशुल्क है।

## पूर्व सभापति ने लगाए आरोप

# रोजगार गारंटी का बुरा हाल, असफल साबित हो रही राज्य सरकारः देशमुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



दुर्ग जनपद के पूर्व सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख ने आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ में रोजगार गारंटी का बुरा हाल हैं और छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीणों को रोजगार देने में असफल रही हैं। उन्होंने जारी बयान में कहा कि विगत पाँच वर्षों में सभापति रह कर काग्रेंस सरकार के कार्य काल में जल संरक्षण एवं सर्वधन हेतु कई डबरी, नाले, स्टाफ डेम जैसे अनेके कार्य हुए, वही निजी क्षेत्र में तालाब निर्माण, भूमि समतलीकरण पशु पालन शेड निर्माण जैसे अनेकों कार्य कर कृषकों को प्रोसाहित किया गया। जल संरक्षण क्षेत्र में अनेक काम हुए। ग्रामीण विकास हेतु, स्कुलो का समतलीकरण, आहाता निर्माण, शेड निर्माण, शौचालय, तालाबों का पचरी करण, जैसे अनेकों कार्य हुए, पर्यावरण संरक्षण हेतु अनेकों पेड लगाये गये, गौधन संरक्षण हेतु गौठानों का निर्माण किया गया।

■ पूर्व में हुए कई निर्माण कार्य अब नहीं मिल रहा काम

देशमुख ने प्रश्न करते हुए पुछा कि सरकार यहा बताये उपरोक्त कार्य वर्तमान में कहा संचालित हो रही हैं, माँग के आधार पर ग्रामीणों को कितना रोजगार दे पा रही हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत बनाये गये सार्वजनिक शौचालय का बुरा हाल हैं, वह योजना को आगे बढा नहीं पा रही हैं। पूर्व में मनरेगा द्वारा ग्राम पंचायत भवन उचित मूल्य की दुकान जैसे मूलभूत बड़े कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि मजदूरों को लेकर गांव गांव आंदोलन भी किया जायेगा।

## पाटन में 21 बरस बाद मंडई मेला का आयोजन, 6 को बिखरेगी लोकरंग की छटा



**पाटन।** नगर पंचायत पाटन में करीब 21 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर वार्षिक मड़ई मेला सह मंडई मिलन समारोह का आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन आगामी 6 जनवरी को भव्य रूप से संपन्न होगा। नगर के रेस्ट हाउस के पीछे स्थित विशाल मैदान में मेले की तैयारियां तेज गति से चल रही हैं।

मैदान में एक से बढ़कर एक आधुनिक व आकर्षक झूले लगाए जा रहे हैं, जिनमें ड्रेगन झूला, ब्रेक डांस, जलपरी झूला, डोरा-डोरा सहित कई अन्य मनोरंजन के साधन शामिल हैं। बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों तक के लिए यह मेला खास आकर्षण का केंद्र बनने जा रहा है। साथ ही, बाहर से आने वाले व्यापारियों के लिए दुकानों की उचित व्यवस्था की जा रही है तथा आसपास के क्षेत्रों में व्यापक साफ-सफाई अभियान भी चलाया जा रहा है। मेले में आने वाली भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए पार्किंग व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए मैदान को समतल किया जा रहा है ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। उल्लेखनीय है कि पिछले कई वर्षों से नगर पंचायत पाटन में मड़ई मेले का आयोजन नहीं हो पाया था। इसे पुनः शुरू कराने की पहल नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने की, जिसके बाद यह पारंपरिक आयोजन फिर से जीवंत हो रहा है।

मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, उपाध्यक्ष निशा सोनी, पार्षद केवल देवांगन, स्वामी आत्मा नद स्कूल के अध्यक्ष मिलना देवांगन सहित अन्य पार्षदों ने अधिकारियों एवं नगर पंचायत कर्मचारियों के साथ मेला स्थल का निरीक्षण किया।

# तीजन ने विपदाओं से कभी नहीं मानी हार

## पुत्र के बिछड़ने के बाद अब सेवा सुश्रुषा करने वाली पुत्रवधु भी चल बसी, कलाकारों ने बंधाया पंडवानी गायिका को संबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



अर्द्धशताब्दी से अधिक समय से अपने अल्हदा पंडवानी गायन से दुनिया को सम्मोहित करने वालीं पंडवानी गायिका तीजन बाई पंडवानी की मिथक बन गई हैं। पुत्र की आकस्मिक मौत के सदमे से दो साल से बीमार चलने के बाद भले ही उनका तंबूरा मौन हो गया है लेकिन बतौर पंडवानी गुरु उनके शिष्य भिलाई से टोकियो तक छत्तीसगढ़ की इस लोकविधा को समृद्ध क रहे हैं।

देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री,पद्मभूषण और पद्मविभूषण अलंकरण से अलंकृत छग की यह इकलौती लोगगायिका के इस हिमालयीन शिखर पर पहुंचने के पीछे उनकी दीर्घ साधना और त्याग और संघर्ष है। कदम दर कदम कला की ऊंचाई के संग उनके साथ साथ विपदाएं और दुखों का सिलसिला भी चलता रहा। इनका मुकाबला करने की उनकी ताकत भी इस गति से उन्हें मिलती रही, यही उनकी अनूठी सफलता की कारण भी है। नियति का क्रूर खेल देखिये कि बेड में ले जाने वाली अस्वस्थता और ढलती उम्र में भी दुख का वज्रपात कम नहीं हो रहा है। लेकिन ये हताश होने वाली आम स्त्री नहीं फौलाद और कला की धमनभट्ठी में तपकर कुंदन की तरह दमकने वालीं तीजन बाई हैं। दो साल पूर्व अपने पुत्र कौशल के ह्दयाघाते से चल बसने और फिर सदमे से पैरालाइज अटैक से संघर्ष कर रही तीजन को अब फिर नियति ने एक बड़ा पारिवारिक आघात दे दिया है। वर्षो से बेटी की तरह उनकी तीमारदारी और देखभाल करने वालीं उनकी बहू दुलेश्ववरी भी 29 दिसंबर को अचानक चल बसी। तीजन बाई के बीमार होने के दौरान पिछले दो साल से तो बहन बहू रेणू देशमुख के साथ दुलेश्वरी हर पल उनकी बच्चे की मानिंद सेवा सुश्रुषा में मुस्तैद रहती थीं। कलाकारों ने बताया कि अपने स्वस्थ रहते जब भी तीजन बाई देश पंडवानी कार्यक्रम देने जाती थीं, दुलेश्वरी उनकी पूरी तैयारी व पंडवानी के पूरे लोक आभूषण सजाती थीं। तीजन बाई के पौत्र जीवन बताते हैं कि मेरे पापा दिलहरण व मां दुलेश्वरी पारधी दीदी( तीजन बाई) के लिए सब कुछ थे। अब जिम्मेदारी परिवार के हम सबकी बढ़ गई है। लोक कलाकार मनहरण सार्वा व वरिष्ठ कलाकार नकुल महलवार बताते हैं कि पंडवानी गायिका तीजन बाई छत्तीसगढ़ का गौरव हैं।

### आलिया पहुंचीं तीजन पर फिल्म बनाने

तीजन बाई के जीवन में एक पल सुख का पीछा करते दुख कैसे आता है इसका ताजा उदाहरण बेटे दिलहरण की पत्नी दुलेश्वरी के आकस्मिक निधन के वक्त उन के कला जीवन पर बनने वाली फीचर फिल्म की तैयारी को गति मिलना है। तीजन की पुत्रवधू का शोककार्यक्रम दो दिसंबर को है इसी दौरान बालीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म डायरेक्टर पत्नी आलिया पिछले दो दिनों ने फिल्म की तैयारी के लिए तीजन के घर गनियारी पहुंची हुई हैं। वर्ष 2019 में आलिया तीजन बाई के निवास गनियारी आई थीं तब वे स्वस्थ थी और कुछ शूटिंग व रिकार्डिंग की थी। लेकिन कोरोना व अपरिहार्य कारणों से यह प्रस्तावित फिल्म का काम थम सा गया था, अब निर्देशक आलिया के यहां फिर बातचीत के लिए आने से रफ्तार मिलने के आसार हैं। पूर्व में इस फिल्म मे बिग भी अमिताभ तीजन के गुरु व नाना का किरदार निभाने वाले थे। लेकिन लंबे अंतराल के बाद कौन इस भूमिका को निभाएगा यह देखना फिल्म बनने के बाद दिलचस्प होगा। रोचक यह भी होगा कि तीजन का किरदार कौन हीरोइन निभाएगी और दो साल से अस्वस्थ तीजन बाई के तंबूरे को निर्देशक आलिया कितना सुर दे पाएंगी।

# रिकेश ने उठाया नौतनवा के स्टॉपेज का मुद्दा

## समय परिवर्तन व तीन दिन नए रूट को बताया जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



दुर्ग-गोरखपुर नौतनवा एक्सप्रेस के दुर्ग स्टेशन से समय परिवर्तन, नियमित परिचालन के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को विधायक रिकेश सेन ने पत्र लिखा है। विधायक सेन ने गोंदिया बरौनी एक्सप्रेस को सप्ताह तीन दिन वाया मऊ, बेल्थरा रोड, सलेमपुर, भटनी, सिवान, छपरा होते हुए चलाए जाने तथा वापसी में पावर हाऊस स्टेशन पर स्टॉपेज की मांग भी की है।

विधायक रिकेश सेन ने केंद्रीय रेल मंत्री को लिखा बताया कि उत्तर प्रदेश, पूर्वांचल तथा बिहार के लाखों लोग छत्तीसगढ़ के भिलाई, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर व अन्य क्षेत्रों में निवासरत हैं। वे अपने गृह ग्राम जाने के लिए नौतनवा व गोंदिया बरौनी एक्सप्रेस का इस्तेमाल करते हैं। दुर्ग रेलवे स्टेशन से नौतनवा एक्सप्रेस सप्ताह में केवल दो दिन ही चलती है जिसके कारण यात्रियों को निर्धारित समय पर यात्रा करने के लिए टिकट नहीं मिल पाता है। सप्ताह में केवल 2 दिन चलने कारण यात्रियों का अत्यधिक दबाव रहता है और अनेक यात्री समय पर यात्रा करने से वंचित हो जाते हैं। इस समस्या के निराकरण हेतु नौतनवा एक्सप्रेस को नियमित रूप से चलाया जाना अति आवश्यक है। नौतनवा एक्सप्रेस दुर्ग रेलवे स्टेशन से संध्या 7:40 बजे रवाना होती है जो दूसरे दिन बनारस पहुंचती है, इसके बाद मऊ बेलथरा रोड सलेमपुर भटनी देवरिया होते हुए रात्रि गोरखपुर व नौतनवा पहुंचती है। यात्रियों को देर रात स्टेशन में उतरने के कारण अपने निर्धारित स्थान तक जाने के लिए कोई साधन नहीं मिल पाता है। उन्हें रात रेलवे स्टेशन में गुजारना पड़ता है। यदि नौतनवा एक्सप्रेस को दुर्ग स्टेशन से से सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे के बीच चलाया जाए तो यात्री सही समय पर अपने निर्धारित स्थान तक पहुंच जाएंगे।

# एनआरएलएम कैडरों ने सम्मानजनक मानदेय और भत्ता देने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

## 5 को रायपुर में बड़ा प्रदर्शन, यूनियन ने दी आंदोलन की चेतावनी



पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के एनआरएलएम बिहान योजना के अंतर्गत कार्य करने वाली महिलाओं ने दुर्ग में जिला स्तरीय प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस प्रदर्शन में

■ दुर्ग में सक्रिय महिला, पशु सखी, कृषि सखी और बैंक मित्र ने सौंपा ज्ञापन

सक्रिय महिला, पशु सखी, कृषि सखी, आरबीके, एफएलसीआरपी और बैंक मित्र शामिल रहीं। प्रदर्शन का नेतृत्व प्रांताध्यक्ष पदमा पाटिल ने किया। बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों से महिलाएं दुर्ग पहुंचीं।

सभा को यूनियन के सलाहकार विश्वजीत हारोडे ने भी संबोधित किया और सभी कैडरों के लिए सम्मानजनक मानदेय तय करने की मांग उठाई। सभा को संबोधित करते हुए सलाहकार विश्वजीत हारोडे ने सभी कैडरों के लिए सम्मानजनक मानदेय की मांग की। पदमा पाटिल ने कहा कि हमारा मानदेय जो 1910 रुपए मासिक है। यह इस लायक भी नहीं है कि हम अपनी छोटी सी जरूरत भी पूरी कर सके। मानदेय से अधिक राशि विभाग के काम करने में ही खर्च हो जाती है। पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में सक्रिय महिला को 6000 रुपए दिया जाता है जिसमें केंद्र का 3000 रुपए व राज्य का 3000 रुपए होता है। उन्होंने बताया कि व्यक्तिगत मोबाइल में ऑनलाइन काम कराया जा रहा है। रजिस्टर वर्क के साथ साथ तमाम कार्य एंड्राइड मोबाइल से भी करना पड़ता है। मोबाइल का रिचार्ज भी 300 से 350 रुपए हो चुका है। 1910 रुपए मानदेय में 15000 रुपए के मोबाइल में 350 रुपए का नेट चार्ज खर्च कर कैसे काम करें। कई बार जनपद या क्लस्टर आना जाना पड़ता है जिसका हमें कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जाता। वर्षों से कार्यरत सक्रिय महिलाओं को जबरदस्ती कार्य से हटाया जा रहा है जो पूरी तरह गलत है। मांगों के समर्थन में 5 जनवरी को यूनियन की ओर से राजधानी रायपुर में एक दिवसीय प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा जाएगा।

प्रदर्शन में सक्रिय महिला सरोजिनी गायकवाड़, पूर्णिमा साहू, डिगेश्वरी, पूर्णिमा नेताम, रूपकुंवर आडिल, कृषि सखी भगवती श्रीवास, विजय लक्ष्मी पाण्डे, पशु सखी भारती साहू ललिता साहू शीला साहू, एफएलसीआरपी हेमपुष्पा, सरिता निषाद, रुक्मिणी निषाद रोमा टंडन सहित सैकड़ों महिलाएं शामिल हुई।

## अंचल की खबरें

### ओपन जिम व झूला लगाने हुआ भूमिपूजन



**अंडा।** ग्राम पंचायत कुथरेल में ओपन जिम एवं झूला स्थापना कार्य के लिए विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस दौरान सभापति जनपद पंचायत दुर्ग लोमश चंद्राकर, सरपंच गीता गजपाल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय युवा वर्ग उपस्थित थे।

### जामगांव में स्वास्थ्य सेवा बीमार, जनता परेशान

**जामगांव आर।** दुर्ग जिला मुख्यालय से मात्र 35 किलोमीटर दूर 50 ग्रामों के 85000 आम जनता का जीवंत केंद्र स्थल जामगांव आर का स्वतंत्रता के 75 साल बाद भी मूलभूत विकास की स्वास्थ्य सेवा के लिए तरस रहा है। यहां अस्पताल के अभाव में परेशान आम जनता की आवाज सुनी नहीं जा रही है। इसी तरह राष्ट्रपति की मुहर लगने के 9 साल बाद भी जामगांव आर को ब्लॉक की घोषणा नहीं की गई है। स्वतंत्रता के 75 साल बाद भी जामगांव आर में शासकीय स्वास्थ केंद्र प्रारंभ नहीं करने के साथ ही यहां उपडाकघर नहीं खोलने से आमजन परेशान हो रहा है। जामगांव आर में उपतहसील ,शासकीय स्कूल कालेज थाना तो है लेकिन शासकीय चिकित्सालय का नही होना आम जनता के लिए परेशानी का सबब है। अनेक बार बीमार ग्रामीण त्वरित उपचार नहीं मिलने से शहर की ओर जाते समय रास्ते में दम तोड़ देते है। यह दर्दनाक स्थिति नेताओ के लिए आत्म अवलोकन का विषय है।




## बीएसपी के श्रमिकों को बड़ी राहत, 20% ठेका छंटनी रोकने का फैसला

# महज अफवाह है बीएसपी प्लांट और हॉस्पिटल को बेचने की खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

### सांसद विजय बघेल और पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडे ने संयुक्त रूप से जारी किया बयान





दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल और पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय ने भिलाई इस्पात संयंत्र से जुड़े श्रमिकों, ठेका कर्मियों और भूतपूर्व कर्मचारियों के मुद्दों पर संयुक्त वक्तव्य जारी किया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने कहा कि श्रमिक संगठनों द्वारा सौंपे गए मांग-पत्र पर लगातार सकारात्मक और गंभीरता के साथ चर्चा चल रही है। कई बिंदुओं पर समाधान निकल चुका है, जबकि शेष मुद्दों पर प्रक्रिया जारी है। जनप्रतिनिधियों ने बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई हॉस्पिटल, मैत्री बाग और श्रमिक हितों से जुड़े सभी मुद्दों पर जनता के साथ पूर्ण पारदर्शिता व संवाद बनाए रखा जाएगा।

जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि श्रमिकों पर संयंत्र के गेट पर अकारण बनाए जा रहे दबाव को पूर्णतः समाप्त कर दिया गया है। यह निर्णय श्रमिकों के सम्मान, गरिमा और कार्यस्थल पर स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसके साथ ही यह भी निर्णय लिया गया है कि 20 प्रतिशत ठेका श्रमिकों की छंटनी अब किसी भी स्थिति में नहीं की जाएगी। यह निर्णय हजारों श्रमिक परिवारों के हितों की सुरक्षा करता है और औद्योगिक शांति को बनाए रखने में सहायक होगा। उन्होंने यह भी बताया कि रिटेंशन से संबंधित विषय पर अभी विस्तृत चर्चा जारी है। इस विषय की संवेदनशीलता को देखते हुए यह स्पष्ट किया गया है कि इसका समाधान पूरी तरह जनहित, श्रमिक हित एवं भिलाई के दीर्घकालिक हितों को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। इस विषय पर किसी भी प्रकार का जल्दबाजी में निर्णय नहीं लिया जाएगा, बल्कि सभी पक्षों से विचार-विमर्श के पश्चात स्थायी एवं न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। सांसद और पूर्व मंत्री ने पूर्व कर्मियों से विशेष रूप से अपील करते हुए कहा कि वर्तमान में किसी भी प्रकार के दबाव में आकर कोई भी बड़ी राशि जमा न करें। यदि किसी अधिकारी, प्रबंधक या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किसी प्रकार का मानसिक, आर्थिक या प्रशासनिक दबाव बनाया जाता है, तो उसकी जानकारी तत्काल जनप्रतिनिधियों अथवा संबंधित संगठन को दें, ताकि समय रहते आवश्यक हस्तक्षेप और कार्रवाई की जा सके।

### भिलाई के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं

जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र को बेचने अथवा भिलाई स्थित हॉस्पिटल को बेचने की कोई भी प्रक्रिया न तो प्रारंभ हुई है और न ही इस संबंध में कोई प्रस्ताव विचाराधीन है।

इस विषय में फैलाई जा रही सभी अफवाहें पूर्णतः निराधार, भ्रामक एवं जनहित के विरुद्ध हैं। आम नागरिकों एवं श्रमिकों से अपील की जाती है कि वे इस प्रकार की अफवाहों पर विश्वास न करें। भिलाई वासियों को आश्वस्त करते हुए दोनों जनप्रतिनिधियों ने कहा कि भिलाई शहर, उसके उद्योग, श्रमिक, कर्मचारी, भूतपूर्व कर्मी एवं उनके परिवारों की समस्याओं में हम सभी पूरी मजबूती के साथ खड़े हैं। भिलाई के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और हर मुद्दे पर जनता के साथ संवाद बनाए रखा जाएगा। मैत्री बाग को छत्तीसगढ़ शासन को सौंपने संबंधी पत्र भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा लगभग डेढ़ माह पूर्व ही शासन को प्रेषित किया जा चुका है। इस विषय पर शासन स्तर पर आवश्यक प्रक्रियाएं प्रगति पर हैं और भविष्य में इस संबंध में सकारात्मक निर्णय की अपेक्षा है। चूंकि मांग-पत्र के कुछ विषय ऐसे हैं जिन पर निर्णय बोर्ड स्तर से लिए जाने आवश्यक हैं, इसलिए सभी बिंदुओं पर चरणबद्ध, सार्थक एवं स्थायी निराकरण की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जैसे-जैसे निर्णय अंतिम रूप लेंगे, उनकी जानकारी समय-समय पर सार्वजनिक की जाएगी।

# स्वच्छता सर्वेक्षण के मानकों पर कार्य करने बनी अलग-अलग टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई निगम की स्वच्छता रैंकिंग को बेहतर करने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पांडेय की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। स्वच्छ सर्वेक्षण के अलग-अलग मानक हैं। इन मानकों पर इस बार अलग-अलग कार्य होंगे। इस साल का स्वच्छ सर्वेक्षण कुल 12,500 अंकों का है। इसके लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

### कचरा कलेक्शन रिक्शा का समय तय

निगम की योजना के हिसाब से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का कार्य दिए गए समय अनुसार रूट चार्ट अनुसार ही होगा। इस वर्ष से कचरा कलेक्शन रिक्शा सभी घरों में एक निर्धारित समय पर पहुँचेंगे। निगम के पांच जोन हैं। इन पांचों जोन में चलने वाले कचरा रिक्शों का समय तय करने की हिदायत दी गई है। निर्धारित समय एक जोन के सभी रिक्शों का एक ही होगा।

## भिलाई निगम का सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग के लिए विशेष बैठक

### गील व सूखा कचरा अलग कर दें

आयुक्त ने निर्देश दिए कि शत-प्रतिशत घरों से कचरा उठाव सुनिश्चित किया जाए।स्रोत पर पृथक्कीकरण किया जाना अति आवश्यक है । नागरिकों से अपील की गई है कि वे घरों और दुकानों से निकलने वाले कचरे को गीला और सूखा अलग-अलग करके ही निगम की गाड़ी में दें। कचरा इधर-उधर न फेंकें ताकि शहर की स्वच्छता बनी रहे।



### प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध

निगम के पांचों जोन में प्लास्टिक के उपयोग को पूर्ण प्रतिबंध लगाने पर जोर दिया गया। आयुक्त ने कहा कि प्लास्टिक न केवल पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए घातक है, बल्कि इसे खाने से गौ-वंश की असमय मृत्यु भी हो रही है। निगम की टीम दुकानों, खोमचों , ठेलों पर प्लास्टिक इस्तेमाल करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करेगी।

### निगम की टीम पर्याप्त नहीं

निगम आयुक्त पांडेय ने आगामी सर्वेक्षण के विभिन्न मापदंडों पर विस्तार से चर्चा की। अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि सर्वेक्षण में उच्च स्थान प्राप्त करने के लिए केवल निगम की टीम पर्याप्त नहीं है, बल्कि इसमें शहरवासियों का विशेष योगदान और सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

### सामूहिक जिम्मेदारी भी जरूरी

आयुक्त पांडेय ने कहा कि स्वच्छता एक सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि हम अपने शहर को नंबर वन देखना चाहते हैं, तो हमें अपनी आदतों में सुधार करना होगा। प्लास्टिक का त्याग करें और कचरा प्रबंधन में निगम की टीम का सहयोग करें। बैठक में निगम के उपयुक्त नरेंद्र बंजारे, डीके कोसरिया, जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, ऐशा लहरे, कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, वेशराम सिंहा, अरविंद शर्मा, लेखाधिकारी चंद्रभूषण साहू, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सहायक अभियंता प्रिया करसे, श्वेता माहेश्वर, रीमा जमुलकर, सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारी, शुभम पाटनी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी और स्वच्छता निरीक्षक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### सिकोला बस्ती से नेशनल हाईवे तक बनेगी एप्रोच रोड

दुर्ग। वार्ड 16 जयंती नगर सिकोला बस्ती से नेशनल हाईवे तक प्रस्तावित एप्रोच रोड निर्माण को लेकर केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने निरीक्षण किया। स्थल निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों से सड़क निर्माण से जुड़ी आवश्यकताओं, समस्याओं और संभावित समाधानों पर विस्तृत चर्चा किए।
मंत्री यादव ने कहा कि एप्रोच रोड बनने से सिकोला बस्ती के नागरिकों को नेशनल हाईवे तक सीधी और सुरक्षित पहुंच मिलेगी, जिससे आवागमन सुगम होगा व क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द सड़क निर्माण का इस्टीमेट तैयार किया जाए, ताकि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जा सके। साथ ही मंत्री यादव ने वार्ड के विकास को ध्यान में रखते हुए सामुदायिक भवन निर्माण, आंतरिक सड़कों के सुधार तथा नालियों के निर्माण हेतु भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर पार्षद खिलावन मटियारा, कांशीराम कोसरे, युवराज कुंजाम, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### विधायक चन्द्राकर ने स्वच्छता के लिए किया प्रेरित



दुर्ग। संत सतपाल महाराज के प्रेरणा से मानव उत्थान समूह द्वारा दुर्ग पटेल चौक पर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में शामिल दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने साफ सफाई करते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और हमें इसे अपनाने के लिए हमेशा प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से ही हमारा स्वास्थ्य और पर्यावरण सुरक्षित रह सकता है। विधायक ललित चंद्राकर ने प्रदेश वासियों को कलैंडर नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह नया वर्ष हमारे लिए एक नए अवसर है। हमें इसे सकारात्मक और स्वच्छ बनाने के लिए प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर महात्मा अंनता बाई, तुलसी साहू, केशव पटेल, रोहित नायक, संतोष साहू, राजेश निषाद उपस्थित थे।

### लापरवाही : 20 नोटिस के बाद भी कार्रवाई नहीं कर पाया है निगम

# बिल्डरों ने नहीं दी निगम को सालों से ईडब्लूएस की जमीन, अब अंतिम नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्विनसिटी के तीन बिल्डरों ने रेसीडेंसी निर्माण के दौरान ईडब्लयूएस की जमीन भी आरक्षित की और मकान बनाकर निगम को हस्तांतरित करने की सहमति दी। सालों बीत गए लेकिन इन बिल्डरों ने निगम को न जमीन सौंपी और न ही मकान। इन बिल्डरों ने निगम के 20 से ज्यादा नोटिस के बाद भी हस्तातंरण नहीं किया। निगम के तत्कालीन प्रशासनिक अफसरों ने भी कार्रवाई नहीं की। फलस्वरूप सालों से ये फाइलें धूल फांक रही थी। सालों बाद निगम ने राजस्व बढ़ाने की कवायद की तो ये मामला सामने आया और अंतिम नोटिस जारी किया गया है।

### इन तीन बिल्डरों के खिलाफ निगम ने धूल फांकती फाइलें निकाली

**केस 1**

राजलक्ष्मी गृह निर्माण सहकारी समिति तितुरडीह ने नगर तथा ग्राम निवेश विभाग से 8-7- 1989 में आवासीय निर्माण के लिए स्वीकृति ली। इस समिति ने कोहका के पटवारी हल्का नंबर 56 खसरा क्रमांक 99/1,2 व 4 की 4.87 एकड़ जमीन पर रेसीडेंसियल निर्माण करवाया। इस जमीन में 15 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस की जमीन 31755 वर्ग फीट में कालोनाइजर एक्ट के तहत आरक्षित रखा। लेकिन इस जमीन को अब तक निगम को हस्तातंरित नहीं किया गया है। निगम ने 22 पत्र इसके लिए भेजे लेकिन अब तक यह मामला लंबित रखा गया है।

**केस 2**

मेसर्स लैंडमार्क डेवलपर्स आनंदनगर भिलाई ने वर्ष 2000 में नगर व ग्राम निवेश विभाग से आवासीय निर्माण के लिए स्वीकृति ली। कोहका के पटवारी हल्का नंबर 14 के खसरा नंबर 2047/ 2,3,4 व 5 की 1.63 हेक्टेयर जमीन पर आवास बनवाने का प्लान रखा। इसमें से 26393 वर्ग फीट ईब्ल्यूएस की जमीन आरक्षित की गई थी। हाल यह है कि इस आरक्षित जमीन को भी प्लाट काट दिया गया और आवास निर्माण कर लिया गया है। सामुदायिक खुला क्षेत्र 17538 वर्ग फीट में भी नियम शर्तों का उल्लंघन कर निर्माण कर लिया गया है। निगम को ईब्ल्यूएस हस्तांतरित अब तक नहीं की गई। निगम ने 18 नोटिस इसके पहले भेज चुका है।

**केस 3**

होम प्लस बिल्डर्स अनुष्ठा रेसीडेंसी जुनवानी ने नगर व ग्राम निवेश विभाग से आवासीय निर्माण का प्लान वर्ष 2000 में एप्रूव करवाया। इस बिल्डर्स का जुनवानी पटवारी हल्का नंबर 56/15 खसरा क्रमांक 57,58,60 व 61 का 9.320 हेक्टेयर क्षेत्रफल में रेसीडेंसी का निर्माण योजना बनी। इसमें से ईब्ल्यूएस की जमीन 13280 वर्ग मीटर आरक्षित रखा गया। इस जमीन हस्तातंरण के बदले विकल्प के रूप में 57 मकान का निर्माण कर निगम को हस्तातंरित करने की सहमति बनी थी। निगम वर्ष 2000 से 8 नोटिस भेज चुका है।

### इस एक्ट का किया उल्लंघन

भिलाई निगम ने अपने अंतिम नोटिस में छत्तीसगढ़ नगरपालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बंधन एवं शर्तें) नियम, 1998 सहपठित छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम तथा नगरपालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निबंधन एवं शर्तें) नियम, 2013 में दिये गये प्रावधानों के तहत नगर तथा ग्राम निवेश दुर्ग से स्वीकृत अभिन्यास में दिये गये शर्तों तथा छतीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों सहपठित कॉलोनाईजर लाइसेंस की शर्तों के उल्लंघन पाया गया है।



### 25 साल बाद खुली फाइल

भिलाई निगम में बिल्डरों को फायदा पहुंचाने का खेल सालों पुराना है। यह फाइल 25 साल बाद खुली है। राजलक्ष्मी बिल्डर्स को भिलाई निगम ने 4 मई 1989 को पहला नोटिस भेजा था। 2 दिसंबर 1999 को 22 वां नोटिस भेजा गया है। उसके बाद अब तक यानी 25 साल बाद फाइल खुली है। इसी तरह लैंडमार्क बिल्डर्स को वर्ष 2012 में पहला नोटिस भेजा गया था। 18 वां नोटिस 1 अक्टूबर 2021 को भेजा गया था। उसके बाद यानी चार साल बाद फाइल खुली है और अंतिम नोटिस अभी भेजा गया है। होम प्लस बिल्डर्स को निगम ने 29 जनवरी 2004 को पहला नोटिस भेजा था। उसके बाद 20 अक्टूबर 2021 को 8 वां नोटिस थमाया। उसके बाद यानी चार साल तक निगम ने कोई सुध नहीं ली।

### अंतिम नोटिस, अब कार्रवाई करेंगे



राजलक्ष्मी, लैंडमार्क व होम प्लस बिल्डर्स को इस बार हमने अंतिम नोटिस भेजा है। इसके पहले भी निगम से कई बार नोटिस भेजा जा चुका है। इस बार हमने 15 दिन में जवाब मांगा है। अनुबंध व शर्तों के हिसाब से जमीन व मकान का हस्तातंरण निगम में नहीं किया गया तो कार्रवाई करेंगे। नगर पालिका अधिनियम, कालोनाजइर एक्ट के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई तय होगी।
**राजीव कुमार पांडेय,** निगम आयुक्त भिलाई।

# बीएसपी में सिक्योरिटी ऑपरेशंस सेंटर उद्घाटित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में डिजिटल सुदृढ़ता और साइबर सुरक्षा के लिए अत्याधुनिक सिक्योरिटी आंपरेशंस सेंटर का उद्घाटन बीएसपी के निदेशक प्रभारी (भिलाई इस्पात संयंत्र) चित्त रंजन महापात्र ने किया। यह सेंटर पूरे सेल नेटवर्क में स्थापित होने वाला अपनी तरह का पहला सिक्योरिटी ऑपरेशंस सेंटर है।

इस्पात भवन में स्थापित यह एसओसी एक केंद्रीकृत सुविधा है, जिसका उद्देश्य संगठन के कंप्यूटर नेटवर्क, आईटी अवसंरचना, प्रणालियों तथा महत्वपूर्ण डेटा पर होने वाले साइबर खतरों की निरंतर निगरानी, पहचान, विश्लेषण और त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है। यह केंद्र आईटी के साथ ओटी सुरक्षा को भी सुदृढ़ करेगा तथा चौबीसों घंटे बदलते साइबर खतरों के विरुद्ध सतर्कता सुनिश्चित करेगा। निदेशक (आईआईटी कानपुर) एवं चेयरमैन (सीआईहब) प्रो. डॉ. मनीन्द्र अग्रवाल, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक पीके सरकार, कार्यपालक निदेशक कमल भास्कर, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, सीजीएम रवि शंकर, प्रोग्राम डायरेक्ट प्रो. सोमित्र सनाढ्य, सीईओ (सी3आईहब) डॉ. तनिमा हाजरा, सीटीओ (सी3आईहब) डॉ. रास द्विवेदी, सीएसओ (सी3आईहब) डॉ. आनंद हांडा सहित विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारी एवं ऑटोमेशन एवं डिजिटलाईज़ेशन विभाग की टीम उपस्थित थी। एसओसी परियोजना बीएसपी की इंडस्ट्री 4.0 रूपरेखा के अंतर्गत एक प्रमुख डिजिटलीकरण पहल है, जिसे मुख्य महाप्रबंधक रवि शंकर तथा महाप्रबंधक एमएपी सिंह के मार्गदर्शन में ऑटोमेशन एवं डिजिटलाईज़ेशन विभाग द्वारा क्रियान्वित किया गया है।

### सुरक्षा प्रणालियों की प्रतिबद्धता

बीएसपी के डायरेक्टर प्रभारी श्री महापात्रा ने कहा कि यह पहल देश की औद्योगिक रीढ़ को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है तथा नवाचार और सुरक्षा प्रणालियों के प्रति संयंत्र की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जीएम एम पी. सिंह ने कहा कि साइबर हमलों से नेटवर्क की सुरक्षा के लिए यह एक मूलभूत आवश्यकता थी।सीआईहब के सॉफ्टवेयर इंजीनियर कार्तिक पवार ने एसओसी के रणनीतिक लाभों पर प्रस्तुति दी। एसओसी को बीएसपी में क्रियान्वित कराने में ऑटोमेशन एवं डिजिटलाईज़ेशन विभाग के महाप्रबंधक समिधा गुप्ता, उप महाप्रबंधक एम. एस. चौहान, सहायक महाप्रबंधक स्वाति प्रदीप एवं सहायक महाप्रबंधक अखिलेश मिश्रा सहित ऑटोमेशन एवं डिजिटलाईज़ेशन की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बीएसपी के 12 कार्यपालक व 71 कर्मी को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से दिसंबर महीने में 91 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। इनमें खदान क्षेत्र के 8 सदस्यों सहित 12 कार्यपालक व 71 गैर-कार्यपालक शामिल हैं।

कार्यपालकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। निदेशक प्रभारी चित्तरंजन महापात्र ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें स्वस्थ और सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, पवन कुमार, प्रबीर कुमार सरकार, राकेश कुमार, सीएमएलओ कमल भास्कर तथ अरुण कुमार उपस्थित थे।

निदेशक प्रभारी श्री महापात्र ने सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों से संवाद कर संयंत्र के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में उनके अनुभव और सुझाव आमंत्रित किए, जिन पर निदेशक प्रभारी एवं कार्यपालक निदेशकों ने चर्चा की। सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों ने कार्यकाल के अनुभवों को किया।

### सेवानिवृत्त होने वाले कार्यपालकों में ये शामिल

कार्यपालक निदेशक प्रभारी सुब्रत मुखोपाध्याय, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, मुख्य महाप्रबंधक सुशील कुमार, महाप्रबंधक गोविंद त्र्यंबकराव दांडेगांवकर, महाप्रबंधक प्रशांत तिवारी, महाप्रबंधक महाराणा प्रताप सिंह, महाप्रबंधक मनोज कुमार, महाप्रबंधक अमरेश कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक रमेश कुमार अग्रवाल, सहायक प्रबंधक राजेश कुमार सिंह, प्रबंधक तनवीर अहमद तथा प्रबंधक यतीन्द्र पुरंग। इसके अलावा भिलाई निवास में आयोजित समारोह में संयंत्र के गैर-कार्यपालकों को भी भावभीनी विदाई दी गई। भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. के ठाकुर, महाप्रबंधक जेएनठाकुर और उप महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया।

# विधायक रिकेश के कार्यालय में मात्र एक रुपए में एक्स-रे की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वैशाली नगर विधानसभा के रहवासी अब 14 जनवरी से मात्र एक रुपए एक्स-रे करवा सकेंगे। विधायक रिकेश सेन ने जीरो रोड शांति नगर स्थित विधायक कार्यालय में इस योजना का शुभारंभ किया है। आम जनता सुबह 8 से 11 बजे तक एक्स-रे करा सकेंगे।



विधायक रिकेश सेन ने कहा कि एक्स-रे की सुविधा अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यह हड्डियों के फ्रैक्चर, संक्रमण जैसे निमोनिया, ट्यूमर, दांतों की समस्याओं और शरीर के अंदर निगली गई वस्तुओं का तुरंत, गैर-आक्रामक और सटीक निदान करने में मदद करती है। इस रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टरों को सही उपचार योजना बनाने और उपचार की प्रगति की निगरानी करने में मदद मिलती है। इससे अनगिनत जानें बचती हैं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में विधायक लगातार विकास के साथ ही सभी को सहज स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके इस प्रयास में हाल ही में उन्होंने विधायक कार्यालय में निःशुल्क ब्लड टेस्ट सुविधा प्रारंभ की है जिसका हर रोज सैकड़ों लोग लाभ ले रहे हैं। ब्लड सैंपल से 31 तरह के टेस्ट की रिपोर्ट लोगों को दी जा रही है।

# मीडिया और प्रबंधन की सेतु परंपरा को किया समृद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- अढ्ढाई वर्ष के दीर्घ सेवाकाल के बाद बीएसपी जनसंपर्क महाप्रबंधक पद से सेवानिवृत हुए प्रशांत तिवारी

सेल के सिरमौर भिलाई इस्पात संयंत्र में दीर्घ सेवा के बाद रिटायर हुए महाप्रबंधक (जनसंपर्क) प्रशांत तिवारी अपने सहज व्यवहार और गहरे अनुभव से प्रबंधन और मीडिया के बीच सेतु की अपने पूर्ववर्ती अधिकारियों की परंपरा को समृद्ध किया। उन्होंने उत्पादन और सामाजिक सरोकार से जुड़ी खबरों को हाईलाइट कराने के साथ परवान चढ़ते बीएसपी की छवि निखारने के साथ इस्पातनगरी की सामाजिक समरसता में उत्कृष्ट योगदान दिया। वरिष्ठता की दृष्टि से वे जनसंपर्क विभाग में दूसरी पीढ़ी के आखिरी वरिष्ठ अधिकारी थे। अपने पिता वरिष्ठ संपादक बसंत तिवारी के मार्गदर्शन में रायपुर के दैनिक अखबारों रायपुर से दस साल के पत्रकारिक अनुभव के साथ 25 नवंबर 1993 में बीएसपी भिलाई में जूनियर मैनेजर ज्वाइन करने वाले श्री तिवारी संयंत्र ने महाप्रबंधक तक विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए सीएसआर व बीएसपी की 3 सहायक यूनिटों की स्थापना के लिए निर्मित कोर कमेटी के सदस्य रहे। खेल, कला,समाज सेवा, पर्यवारण, चिकित्सा सेवा आदि में सकारात्मक योगदान देने वाले प्रशांत तिवारी के लिए बीएसपी के सभी मुखिया व अपने वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ काम करना प्रेरक व गौरवपूर्ण रहा। बीएसपी को 11 मर्तबा पीएम ट्राफी व छग स्थापना दिवसर ट्रेड फेयर राज्योत्सव में बीएसपी की ओर से 17 बार भाग लेना व नेहरु अवार्ड तथा बेस्ट पीआर प्रोफेशनल अवार्ड हासिल करने यादगार रहा।

## निगम आयुक्त पांडेय ने जनसुविधाओं को बेहतर बनाने किया निरीक्षण

# आयुक्त ने देखी प्रगतिनगर सामुदायिक भवन की गुणवत्ता, अवैध कब्जे हटेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-3 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 30, प्रगति नगर (केम्प 1) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में नवनिर्मित सामुदायिक भवन की गुणवत्ता देखी और क्षेत्र में जनसुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। वार्ड क्रमांक 30 प्रगति नगर में लंबे समय से वार्डवासियों और स्थानीय पार्षद द्वारा सामुदायिक भवन की मांग की जा रही थी। पूर्व में भवन न होने के कारण नागरिकों को सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों के आयोजन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जनहित को ध्यान में रखते हुए आयुक्त द्वारा अधोसंरचना निधि से इस भवन का निर्माण कराया गया है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने भवन को व्यवस्थित रखने और इसके बेहतर उपयोग की बात कही।

### शारदापारा तालाब किनारे अवैध कब्जे हटेंगे

आयुक्त पांडेय शारदापारा तालाब पहुँचे। वहां चल रहे फेंसिंग व सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया, शेष कार्यों को अविलंब पूर्ण करने निर्देशित किए हैं। तालाब किनारे किए गए अवैध कब्जों और कबाड़ियों द्वारा फैलाई गई गंदगी पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। आयुक्त ने जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता को निर्देशित किया कि अवैध कब्जा करने वालों और गंदगी फैलाने वाले कबाड़ियों को तत्काल नोटिस देकर बेदखली की कार्रवाई की जाए। तालाब के पास स्थित पुराने भवन का संधारण कर उसे व्यवस्थित किया जाए। तालाब किनारे स्थित नाले की सघन सफाई सुनिश्चित की जाए।



### सुलभ शौचालय में मिली अव्यवस्था

सुलभ शौचालय का औचक निरीक्षण किया गया, व्यवस्था सुधार हेतु कार्यरत एजेंसी एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया है । आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आसपास के नागरिकों को जागरूक करें कि तालाब या नाले के पास कचरा न फेंकें। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में कचरा जलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाए, क्योंकि इससे प्रदूषण फैलता है। इस औचक निरीक्षण के अवसर पर जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक चूड़ामणि यादव, श्याम ठाकुर, विनोद एवं निगम के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



हरिभूमि
रायपुर, शुक्रवार 2 जनवरी 2026
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

## सेक्टर-6 स्थित सांई मंदिर विधि-विधान से पूजा अर्चना



● नववर्ष पर सभी स्थानों में दिखा उत्सव व उल्लास, मंदिर तो शाम को सिविक सेंटर में दिखे युवा

# आस्था के साथ साल की शुरुआत, मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, पार्क रहे गुलज़ार, लोगों में दिखा उत्साह

**भिलाई। नए साल 2026 की शुरुआत पर ट्विनसिटी में जश्न और आस्था का संगम देखने को मिला। साईं मंदिर, सेक्टर-9 हनुमान मंदिर, गणेश मंदिर और बालाजी मंदिर, दुर्ग चंडी मंदिर, किल्ला मंदिर, खांटू श्याम मंदिर सहित सभी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने पूजा-अर्चना कर नए साल में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस दिन सभी एक-दूसरे को नए साल की शुभकामनाएं देते नजर आए। सोशल मीडिया में भी दिन भर मैसेज आदान प्रदान का दौर चलता रहा। वहीं मंदिरों में विशेष आरती, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए मंदिर समितियों द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। साथ ही नववर्ष के मौके पर शहर के प्रमुख पार्क भी दिनभर गुलज़ार रहे। परिवारों, युवाओं और बच्चों ने पिकनिक, खेल और फोटोग्राफी के जरिए नए साल का उत्साह मनाया। नववर्ष पर विभिन्न स्थानों पर हुए आयोजनों ने पूरे शहर को उल्लास और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया।**

### मंदिरों में उमड़ा सैलाब

नववर्ष पर मंदिरों में आस्था का सैलाबनए साल के अवसर पर शहर के सबसे पुराने सेक्टर-9 हनुमान मंदिर, गणेश मंदिर और बालाजी मंदिर, साईं मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सभी लोग नए साल की शुरुआत अपने इष्ट देव और गुरु के दर्शन कर आर्शिवाद लेकर करने आतुर दिखे। सभी छोटे-बड़े मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, आरती और भजन-कीर्तन के साथ लोगों ने नए साल की शुरुआत की। मंदिर परिसरों में प्रसाद वितरण भी किया गया। वही सिख समाज के गुरुद्वारों में सुबह से ही सबद-कीर्तन और चर्च में विशेष प्रार्थना सभाओं का भी आयोजन किया गया था। नए साल के स्वागत में सभी धार्मिक स्थलों को एक दिन पहले रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया था जहां 1 जनवरी पर कार्यक्रम भी आयोजित किये गए थे।





**भिलाई** । नव वर्ष का जश्न मनाने के लिए मैत्रीबाग में आज जन ज्वार उमड़ा। खुशी और उल्लास के साथ प्रकृति के बीच पहुंचे ट्विनसिटी सहित अंचल के हजारों लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। लोगों ने दिनभर रोमांच और संगीत के बीच खुशनुमा माहौल में खाते पीते हुए पूरे साल के अपने इन आह्लादकारी पलों को यादगार और एनर्जेटिक बनाया। इस दौरान प्रबंधन द्वारा सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए थे। नए साल के खुशी साझा करने पहुंचे हजारों लोगों से मैत्रीबाग को हजारों रुपए के आय हुई।

मैत्रीबाग में आज हजारों लोग न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए पहुंचे। भिलाई दुर्ग सहित आसपास के गांवों और अन्य जिलों से भी लोग अपने परिवार,फ्रेंड्स, रिश्तेदार व पड़ोसियों के साथ आए थे। बच्चे और यंगस्टर्स खासे उत्साहित दिखे। कुछ सामाजिक संगठनों के स्पेशल बच्चे और दारुल उलूम फैजाने करिमियां मदरसा अयप्पानगर के नौनिहाल भी को भी नए साल का जश्न मनाने यहां पहुंचे थे। अनेक लोग दोपहिया, कारों, ट्रेक्टर आदि वाहनों से समूह में बसों से भी पहुंचे थे। खाने पीने के सामान,म्यूजिक सिस्टम और कैमरे आदि से लैस होकर पहुंचे लोगों ने यहां इंद्रधनुषी फुलवारियों, वन्य प्राणियों के रोमांचक दीदार के साथ झूलों, बोटिंग और पिकनिक का लुत्फ उठाते हुए अपने नए साल को यादगार बनाया। फूड कोर्ट में बच्चे व युवा तरह तरह लजीज नाश्ते का लुत्फ उठा रहे थे। कई लोग वन्य प्राणियों व स्क्रप्चरल के साथ सेल्फी ले रहे थे। शंकर लांन, कैंडल पार्क से लेकर प्रगति मीनार और बोटिंग प्वाइंट तक चारों ओर लोग और उनकी खुशी का सैलाब दिखा। मैत्रीबाग के मेन गेट के आगे मड़ौदा तिराहे व मार्केट तक जाम के हालत थे। वहीं मैत्रीबाग में तो पांव रखने की जगह नहीं थी। सबसे ज्यादा लोग जू काम्पलेक्स और वाइट टाइगर तथा हिरणों आदि के एनिमेल्स एनक्लोजर्स परिसर में दिखी। जन सैलाब को देखते हुए मैत्रीबाग प्रबंधन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए थे।

## खाटू श्याम मंदिर कादंबरी नगर दुर्ग में सुबह से भक्तों का लगा रहा रेला



नव वर्ष सेलिब्रेशन के लिए दुर्ग में कादंबरी नगर खाटू श्याम मंदिर, सांई मंदिर कसारीडीह, चंडीमंडी, शीतला मंदिर सहित अन्य जगहों पर सुबह से भक्तों का रेला लगा रहा। इधर भिलाई के मैत्रीबाग में गुरुवार को हजारों लोग जुटे। खुशनुमा माहौल में हरियाली और वन्य प्राणियों के रोमांच के बीच परिवार और फ्रैंड्स के साथ पहुंचे लोगों ने जमकर इंजाय कर नए साल को यादगार बनाया। दिनभर उमड़े लोगो को देखते हुए प्रबंधन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए थे। इसके बाद भी भारी भीड़ के चलते वालिंटियर्स और पुलिस के जवानों के पसीने छूट गए। न्यू ईयर मनाने के लिए मैत्रीबाग में आज जन सैलाब उमड़ा। ट्विनसिटी और आसपास के गांवों के साथ अंचल दूरदराज के विभिन्न स्थानों से लोग चिड़ियाघर का नजारा लेने और पिकनिक मनाने पहुंचे थे। परिवार, दोस्तों और पड़ोसियों के साथ लोग खाने पीने के सामानों के साथ पहुंचे थे। सबसे ज्यादा यंगस्टर, बच्चे और महिलाएं थीं। सभी ने सुंदर फुलों और चिड़िया घर को देखते हुए झूलों का भी आनंद लिया। सभी जगह यंगस्टर मोबाईल से वन्य प्राणियों के बीच फोटो व सेल्फी लेते दिखाई दिये।

### सौ पुलिस व कर्मियों ने संभाली व्यवस्था

सेलिब्रेशन के लिए पहुंचे कई लोग म्यूजिक सिस्टम पर सिंगिंग व डांस के साथ खुशियां शेयर कर रहे थे। प्रबंधन द्वारा सुरीले गीत भी बजाए जा रहे थे वही आर्केस्ट्रा पर सिंगरों के मधुर गानों पर भी लोग नृत्य करते हुए इंजाय कर रहे थे। पर्यटकों के लिए मैत्रीबाग में खासे बंदोबस्त किए गए थे। मेन गेट पर खुद माइक हाथ में थामे मैत्रीबाग प्रभारी डां. एनके जैन कर्मियों व गार्डों के साथ भीड़ को नियंत्रित करने अनाउंस कर रहे थे। गेट सहित पूरे बाग मे सुरक्षा व व्यवस्था के लिए 50 उद्यानिकी कर्मचारियों और सौ पुलिस व सीआईएसफ और 15 सिक्योरिटी गार्ड भी तैनात किए गए थे। दो कंट्रोल रुम से व्यवस्था का संचालन किया जा रहा था। मैत्रीबाग को न्यूईयर सेलिब्रेशन के लिए पहुंचे हजारों लोगों से एक लाख रुपए से अधिक की आय हुई। टिकट काउंटर पर पेटीएम की व्यवस्था की गई थी, जहां भारी हुजूम दिखा। टिकट के लिए 15 स्केनरों की व्यवस्था की गई थी।



**जाम में फंसे रही गाड़ियां** : मैत्रीबाग में ट्विनसिटी और समीपस्थ गांवों से हजारों लोगों के पहुंचने का सिलसिला सुबह दस ग्यारह बजे से शुरु हो गया था। दोपहर तक मेन गेट व उतई रोड तिराहे तक इतनी भीड़ हो गई कि की दिनभर जाम के हालात बनते रहे। दोपहर बाद पचासों गाड़ियां जाम में फंसी रहीं। सबसे ज्यादा परेशानी लोगों को पार्किंग मैदान व स्टैंड से अपने वाहनों को निकालने में हुई। कई दोपहिया कारों के आगे जाम में फंसे थे। मड़ौदा सेक्टर मैदान में भी सैकड़ों वाहन खडे थे, जिनके रोड पर निकालने के दौरान रुक रुक कर जाम लगता रहा। शाम सात बजे तक भारी ट्रैफिक रहा। इसे व्यवस्थित करने में ट्रैफिक जवान भारी मशक्कत के साथ झल्लाते दिखे।

## लाइव इवेंट

### शिक्षकों ने नए साल में सार्वजनिक जगहों पर बांटे चॉकलेट, नमकीन और बिस्किट



**दुर्ग।** खुशियां बांटने का त्यौहार केवल शब्द नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना को जीने का एक जीवंत प्रयास है। इसी भाव के साथ शिक्षकों की टीम और उनके सहयोगियों द्वारा रेलवे स्टेशन, धमधा ब्रिज, बोरसी महाराजा चौक एवं राजेंद्र पार्क में जरूरतमंद लोगों को चॉकलेट, नमकीन और बिस्कुट वितरित किए गए। यह पहल उन लोगों तक खुशी पहुंचाने का प्रयास थी, जिनके जीवन में उत्सव कम और संघर्ष अधिक होते हैं। इस अवसर पर डॉ. अजय आर्य ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि दूसरों के चेहरे पर मुस्कान लाना कोई कठिन कार्य नहीं है। जीवन की भागदौड़ में यदि हम थोड़ा सा समय निकालकर किसी को खुशी दे दें, तो वही खुशी हमारे भीतर भी स्थायी आनंद का रूप ले लेती है। उन्होंने कहा कि समाज को बदलने के लिए बड़े संसाधनों की नहीं, बल्कि बड़े हृदय की आवश्यकता होती है। सदस्य हेमा सक्सेना ने बताया कि जरूरतमंदों को जब नमकीन, बिस्कुट और चॉकलेट दी गई, तो उनके चेहरों पर जो सच्ची खुशी दिखाई दी, उसे शब्दों में व्यक्त करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी शास्त्रों में परोपकार को सर्वोच्च धर्म बताया गया है और ऐसे कार्य उसी धर्म को व्यवहार में उतारते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि खुशियां बांटने से कम नहीं होतीं, बल्कि कई गुना बढ़ जाती हैं। जब सेवा उत्सव बन जाए और करुणा आदत, तब समाज में सकारात्मक परिवर्तन स्वतः होने लगता है। खुशियां बांटने का यह प्रयास मानवता, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरक उदाहरण बनकर सामने आया है। यह सेवा कार्य हम लगातार जारी रखेंगे।



## सिटी इवेंट

### साहिबजादों ने शहादत को गले लगाया, बलिदानों को किया याद



**भिलाई।** शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में आईक्यूएसी के तत्वावधान में वीर बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न आयोजन किये गये। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डॉ स्नेह कुमार मेश्राम ने बताया कि हर वर्ष सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। कम उम्र में ही इन युवाओं ने अपने धर्म को त्यागने के बजाय शहादत को चुना। विश्वविद्यालय के डायरेक्टर विकास डॉ सुशील चंद्र तिवारी ने कहा कि इस दिन को मुगलों के खिलाफ लड़ते हुए शहीद हुए गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्रों के शौर्य को सम्मान पूर्ण याद किया जाता है। उनके पुत्रों की वीरता ने लाखों लोगों को प्रेरित किया। साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह को मुगलों ने दीवाल में जिंदा चुनवा दिया। उनके त्याग और बलिदान को भावी युवा पीढ़ी को परिचित कराने और सम्मान देने आयोजन किया गया था।

डायरेक्टर रिसर्च डॉ धनेश कुमार जोशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि 1704 ई में मुगल शासकों द्वारा किए गए कठोर अत्याचारों के सामने भी इन बाल वीरों ने अपनी धर्म निष्ठा और साहस को नहीं छोड़ा। जब उनसे धर्म परिवर्तन के लिए कहा गया तब उन्होंने दृढ़ स्वर में कहा कि हम धर्म नहीं छोड़ेंगे चाहे प्राण ही क्यों न चले जाएं। वीर बाल दिवस हमें यह संदेश देता है कि उम्र चाहे कितनी भी कम हो पर सत्य, धर्म और न्याय के लिए खड़ा होने का साहस दुर्लभ है। कार्यक्रम में डॉ नीता पांडेय, डॉ रावत, युवराज राउत, नमन शुक्ला सहित शोध छात्र उपस्थित थे।

### डॉ. भैंसारे आईएमए के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

**भिलाई।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, दिल्ली द्वारा आईएमए राष्ट्रीय पुरस्कार घोषित किये गए जिनमें जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय, भिलाई के वरिष्ठ सलाहकार तथा आईएमए दुर्ग शाखा के अध्यक्ष डॉ. राजू भैंसारे को "बेस्ट ब्रांच प्रेसिडेंट आईएमए नेशनल प्रेसिडेंट अप्रिशिएशन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह द्वारा डॉ. राजू भैंसारे को यह सम्मान प्रदान किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, विधानसभा अध्यक्ष गुजरात चौधरी, सांसद मयंक नाइक, आईएमए के चयनित राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार नाईक, वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिलीप भानुशाली, राष्ट्रीय सचिव डॉ. शरबती दत्ता, डॉ. जयंत शाह सहित देशभर से आए वरिष्ठ चिकित्सक एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।



## कलश यात्रा के बाद शांतिकुंज का संदेश जन-जन तक पहुंचाया

# 24 कुण्डीय महायज्ञ में जनकल्याणक गायत्री मंत्र से दी गई आहूति, कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ धार्मिक अनुष्ठान

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में शिव गायत्री मंदिर रिसाली सेक्टर भिलाई के सहयोग से चार दिवसीय राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है। 3 जनवरी तक चलने वाले महायज्ञ की की शुरुआत बुधवार को मंगल कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा में रिसाली सहित आसपास के महिलाएं और पुरूष कार्यकर्ता शामिल हुए। कलश यात्रा के बाद शांतिकुंज का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। गुरुवार की देव आवाहन के साथ कुण्डों में अग्नि स्थापित कर जनकल्याण के लिए गायत्री मंत्र से आहूति समर्पित की गई। इस दौरान काफी संख्या में गायत्री समाज के लोग उपस्थित थे।



### कलश यात्रा के दौरान महिलाओं की रही भागीदारी

इस अवसर पर शशि सिन्हा, डॉ एस. कुमार, डॉ लक्षप्रद नंदुकर, डॉ रानू लक्षप्रद नंदुकर, धीरज लाल टांक, कृष्णा साहू, डॉ कामता प्रसाद साहू, कविता साहू, रामाधार महिलांग, के.पी.बघेल, नन्द कुमार वर्मा, वर्षा वापरे, सत्यभामा चन्द्राकर, पावन उइके, राजेन्द्र वानखेड़े, डॉ अमृत गुरुवेन्द्र, टेक राम साहू, भुवन साहू, रोमलाल साहू, नरेश वर्मा, सदानंद साहू, सरिता साहू, हीरा बाई साहू, जितेन्द्र साहू सहित दुर्ग, भिलाई और अंचल के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे। कलश यात्रा के बाद शांतिकुंज का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया।

### शांतिकुंज हरिद्वार की केंद्रीय टोली पहुंची भिलाई, दिखा उत्साह

24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ को कराने गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के केंद्रीय टोली के सदस्य अशोक ढोले, गणेश चंद्रवंशी, शक्ति सिंह, अभिषेक बैरागी और अलंकार भिलाई पहुंचे हुए हैं। प्रज्ञा के आगमन पर संस्थान की ओर से एस पी सिंग, उप जोन समन्वयक गायत्री जिला भिलाई, डॉक्टर कामता प्रसाद साहू, रामशिला साहू, पूर्व केबिनेट मंत्री, डॉक्टर पी एल साव, हेमंत साहू, सुनील दास वैष्णव साथ ही ट्रस्ट मंडल के सदस्यों द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यकर्ता मोहन उमरे ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार की सुबह 8 बजे देव आवाहन के साथ कुण्डों में अग्नि स्थापना की गई। जिसके बाद जनकल्याण के लिए गायत्री मंत्र से आहूति समर्पित की गई।



## सिटी इवेंट

# साई मंदिर में रक्तदान कर दिया मानव सेवा का संदेश



**दुर्ग।** नववर्ष-2026 के पहले दिन गुरुवार को कसारीडीह सिविल लाईन स्थित प्रसिद्ध श्री साई बाबा मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालु की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही यहां श्री साई बाबा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारे लगी रही, वहीं भजन-कीर्तन की धुन गुंजायमान रही। जिसके धुन में नाच-गाकर श्रद्धालु अपनी श्रद्धा-भक्ति प्रकट करते रहे। मंदिर परिसर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हर वर्ग के लोगों ने उत्साह के साथ शामिल होकर रक्तदान किया और महादान के कहावत को चरितार्थ किया। यह रक्तदान शिविर सन्ना ब्लड एण्ड कम्पोनेन्ट सेंटर रामनगर सुपेला भिलाई के बैनरतले और साई मंदिर समिति के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में 25 यूनिट रक्त संग्रहित किए गए। यह रक्त जरुरतमंदो को आवश्यकता पड़ने पर सन्ना ब्लड एण्ड कम्पोनेन्ट सेंटर द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे। शिविर में रक्तदाताओं को प्रोत्साहन और रक्तदान को लेकर जन जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से हेलमेट के अलावा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। रक्तदाताओं को हेलमेट प्रदान कर आयोजन समिति द्वारा समाज में सड़क दुर्घटनाओं से सुरक्षित रहने का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर दीपक कुमार साहू, टेक्नीशियन भावना वर्मा, दविन्द्र नवरंग, अनिकेत धनगांवी, समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, सचिव धनेन्द्र सिंह चंदेल, प्रचार सचिव सुरेश साहू, कार्यकारिणी सदस्य गणेश निर्मलकर, विनय चंद्राकर, जयंत खिरोडकर, मुरलीधर राउत, दिनेश शर्मा, प्रकाश शिवणकर, रिटायर्ड पुलिस अधिकारी आदित्य शर्मा, लक्ष्मीनारायण साहू मौजूद थे।

## सिटी लाइव

# पंडित रविशंकर शुक्ल की 68वीं पुण्यतिथि पर अर्पित की पुष्पांजलि



**भिलाई।** पं. रविशंकर शुक्ल की पुण्यतिथि पर भिलाई के खास से लेकर आम जनों ने उन्हें याद कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस्पात संयंत्र की भिलाई में स्थापना के प्रबल समर्थक और प्रणेता पं. शुक्ल की पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समूह द्वारा किया गया था। अविभाजित मध्य प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और जननेता पंडित रविशंकर शुक्ल की 68 वीं पुण्यतिथि पर सेक्टर-9 स्थित उनकी प्रतिमा के सामने 10 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों के नेता, भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रतिनिधि और आम जन द्वारा पं. शुक्ल को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरूण वोरा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चन्द्राकर, पूर्व मेयर नीता लोधी, पार्षद सीजू एंथोनी, प्रभारी जे आर साहू, पूर्व पार्षद प्रभुनाथ मिश्रा, शुक्ला परिवार की सदस्य मायारानी शुक्ल, भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक प्रशान्त तिवारी, कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच से जयेश कुमार शुक्ल, स्वदेश शुक्ल, घटोत्कच शुक्ल, अरूण चौबे, अनिल पाण्डेय, एचएमएस के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक पंडा, दलजीत सिंह,आर डी कोरी, मनीषा तिवारी, सौमित्र तिवारी सहित इस्पात नगरी के नागरिक उपस्थित थे। इस दौरान सभी वक्ताओं ने पं. शुक्ल के योगदानों की चर्चा करते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र के निर्माण में उनके सार्थक प्रयासों को व्यक्त किया। पं. रविशंकर शुक्ल ने 31 दिसम्बर, 1956 में 80 वर्ष की उम्र में नई दिल्ली में अंतिम सांस ली थी। पं रविशंकर शुक्ल सामाजिक एवं सांस्कृतिक समिति के महासचिव मनोज मिश्रा ने पुष्पांजलि कार्यक्रम का संयोजन और संचालन किया।

## धर्म इवेंट

# भिलाई से अकीदतमंदों ने भेजी चादर की गईं अमन-तरक्की की दुआएं



**भिलाई।** हजरत दाता बाबा भोला शफी शाह रहमतुल्लाह अलैह की 26 वीं सालाना चादरपोशी पर अंचल के अकीदतमंदों की ओर से भेजी जाने वाली चादर शरीफ की जियारत नए साल पर गुरुवार को भिलाई खानकाह में कराई गई। इस दौरान बड़ी तादाद में अकीदतमंद जुटे और सभी ने मिलकर मुल्क में अमन व तरक्की की दुआएं मांगी। नंदिनी एयरोड्रम के पास स्थित ग्राम बीरेभाठ की खानकाह में चादर शरीफ की जियारत के साथ शिजरा ख्वानी, फातिहा ख्वानी और सलात-व-सलाम का नजराना पेश किया गया। इसके बाद बाद आम लंगर बड़ी तादाद में लोग शामिल हुए। इनमें दुर्ग-भिलाई के अलावा ग्रामीण अंचल से भी लोगों ने भागीदारी दी। हाजी एमएच सिद्दीकी ने बताया कि हजरत दाता बाबा भोला शफी शाह रहमतुल्लाह अलैह की 26 वीं सालाना चादरपोशी 8 जनवरी को मझौली शरीफ (उप्र) में होने जा रही है। यहां मुल्क की तमाम खानकाहो से चादर शरीफ़ भेजी जा रही है। इसी कड़ी मे भिलाई खानकाह से भी बाबा हुजूर व दादी अम्मा की चादर शरीफ़ लेकर जायरीनों का एक जत्था मझौली शरीफ़ जाएगा।

● वार्षिक आमसभा में आय-व्यय का लेखजोखा पेश, श्रद्धालुओं को केश समर्पित करने की सुविधा

# मन्नत पूरी होने पर केश समर्पण की मान्यता, तिरुपति की तरह भक्तों के मुंडन के लिए बालाजी मंदिर में ही बना कल्याण कट्टा

भिलाई। छत्तीसगढ़ के तिरुमला कहे जाने वाले सेक्टर 5 स्थित बालाजी मंदिर में आंध्र साहित्य समिति ने तिरुपति की तरह एक सुव्यवस्थित कल्याण कट्टा यानी केश कर्तन केंद्र बनाया है। इसका निर्माण होने से आर्थिक रूप से कमजोर तबके के भक्तों के साथ-साथ आम लोगों को भी काफी सुविधा हो जाएगी, जो तिरुपति जाकर केश समर्पण करने नहीं जा पाते। इसके अलावा मुंडन कराने वाले श्रद्धालुओं के लिए साफ-सुथरे स्नानगृह का भी निर्माण किया गया है। महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग- अलग बने इस केंद्र में फिलहाल हर दिन दो से पांच भक्त केश समर्पित करते हैं। पुजारियों के अनुसार तिरुपति मंदिर जैसे धार्मिक स्थलों में प्राचीन समय से श्रद्धालु पूरे भक्ति भाव से मन्नतें पूर्ण होने पर या मन्नतें मांगने अपने केश समर्पित करते हैं।





### मंदिर में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था



आंध्र भवन में हुई वार्षिक आम-सभा में समिति के अध्यक्ष पीवी राव ने बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। हाल ही में मंदिर में चोरी के प्रयास को लेकर लोगों के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में 25 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और दो गार्ड तैनात किए गए हैं। इनकी सतर्कता के कारण ही चोरी की वारदात अंजाम नहीं पाई। चोरी की कोशिश के फुटेज भी पुलिस को सौप दिए गए हैं, जिनके आधार पर पुलिस ने तफ्तीश की। आजीवन सदस्यों की संख्या बढ़ाने की मांग पर राव ने कहा कि वर्तमान में 10 किलोमीटर मीटर दायरे में रहने वाले ही समिति के सदस्य हैं, इसका दायरा बढ़ाने से बायलॉज में परिवर्तन करना पड़ सकता है, जो कि आसान नहीं है।

### कल्याण कट्टा के पीछे की कहानी

पौराणिक कथा के अनुसार भगवान श्रीनिवास को अपने केश अर्पित करने वाली पहली भक्त नीलादेवी थीं। भगवान बालाजी, श्रीविष्णु के अवतार ही हैं। तिरुपति के सप्तगिरि में से एक पर्वत नीलाद्रि नाम श्रीनिवास ने ही रखा। जब श्रीनिवास को एक चरवाहे ने चोट पहुंचाई, तो उनके सिर का एक हिस्सा केशविहीन हो गया, उस हिस्से पर केश नहीं उगते थे। जब गंधर्व राजकुमारी नीलादेवी ने इसे देखा, तो उन्होंने सोचा कि इतने सुंदर चेहरे में कोई दोष नहीं होना चाहिए। तुरंत उन्होंने अपने बालों का कुछ हिस्सा काटकर अपनी शक्तियों से उनके सिर पर लगा दिया। चूंकि बालों को महिलाओं की सुंदरता का एक तत्व माना जाता था, श्रीनिवास ने उनके बलिदान को देखा और कहा कि तिरुमला या तिरुपति में भक्त उन्हें जो भी बाल देते हैं, वे सभी नीलादेवी के हैं। हमारे बाल भगवान को समर्पित करना अहंकार त्यागने का प्रतीक है। कल्याण कट्टा को हिंदी में केश कर्तन केंद्र कहा जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इन परंपराओं का आज भी पालन किया जा रहा है। ट्विनसिटी भिलाई में इस संस्कृति का निर्वहन भी किया जा रहा है। भगवान विष्णु के अवतार को लेकर मंदिर परिसर में ही यह केंद्र बनाया गया है जहां भक्त नियमित रूप से पहुंचकर केश त्यागते हैं।

### धूमधाम से मनाई गई वैकुंठ एकादशी

समाज के सचिव पीएस राव ने समिति के कार्यों को साझा करते हुए बताया कि पिछले महीने पहली बार बालाजी मंदिर में भव्यता के साथ डोलोत्सव मनाया गया, जिसमें पीतल से बने पालने में भगवान बालाजी और श्रीदेवी-भूदेवी की उंजल सेवा की गई। उसी भव्यता के साथ इसी को वैकुंठ एकादशी मनाई गई, जिसमें काफी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए थे। समिति की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि हर साल मंदिर में उगादि, संक्रांति तथा विजयादशमी पर बड़े-बड़े धार्मिक आयोजन ओायजित किये जाते हैं, धार्मिक आयोजनों के अलावा पिछली बार युवक-युवती परिचय सम्मेलन भी हुआ, जिसमें तीन सौ लोगों ने पंजीयन कराया। इससे पहले कोषाध्यक्ष टीवीएन शंकर ने पिछले वित्त वर्ष के आय- व्यय का लेखाजोखा भी पेश किया।

## आयोजन

# पार्श्वनाथ की प्रतिमा के समक्ष भक्तों ने किया भक्तांबर का मंगल पाठ



**भिलाई।** पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर 6 त्रिवेणी जैन तीर्थ में 1008 पारसनाथ भगवान की प्रतिमा के समक्ष भक्ति भाव के साथ मंगलदीप प्रज्वलित करते हुए भक्तांबर का अखंड पाठ किया गया। भक्ति भाव के साथ पूजन आरती की गई। संसार जगत के सभी जीवो के प्रति क्षमा भाव रखते हुए जीवन में सुख समृद्धि और शांति संयम के साथ खुशहाली रहे, ऐसी कामना की गई। इस अवसर पर ज्ञानचंद बाकलीवाल, प्रशांत जैन, प्रदीप जैन बाकलीवाल, सोमेश बाकलीवाल, संरक्षक मुकेश जैन, प्रवीण छाबड़ा, जिनेंद्र जैन सहित अन्य मौजूद थे। साल के पहले दिन गुरुवार को भगवान पार्श्वनाथ, आदिनाथ, अजीत नाथ और अनंतनाथ के कल्याणक दिवस पर अष्टधातु की प्रतिमा पर और चांदी के कलश से मंगल अभिषेक किया गया। शांति धारा का सौभाग्य ज्ञानचंद, ललिता, सोमेश, मनीष बाकलीवाल, निशांत जैन, प्रदीप, साधना, प्रमोद, अरुण, अक्षत, दीक्षा, सुनीता जैन सहित अन्य ने प्राप्त किया। इस अवसर पर महावीर, प्रकाश नगोटिया, प्रमोद नहर, डॉ जिनएंद्र जैन, अरविंद जैन, महेंद्र जैन सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।



## ट्राइबोलॉजी इंडिया ट्राईबद्ध पर अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस

# ट्राईबोलोजी फॉर मैनकाइंड पर शोधार्थियों ने अपने शोध किये साझा, हुए सम्मानित



**भिलाई।** आईआईटी भिलाई में ट्राइबोलॉजी इंडिया ट्राईबद्ध पर तेरहवें अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। यह आयोजन संयुक्त रूप से मैकेनिकल विभाग आईआईटी भिलाई और ट्राईबोलोजी सोसाइटी ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित किया गया था। इस कांफ्रेंस का विषय ट्राईबोलोजी फॉर मैनकाइंड था। ट्राइबोलॉजी के क्षेत्र में ज्ञान के आदान-प्रदान नेटवर्किंग और सहयोगात्मक अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए आयोजित इस सम्मेलन में शिक्षा जगत और उद्योग जगत के ट्राइबोलॉजी के अग्रणी विशेषज्ञों द्वारा कई महत्वपूर्ण सत्र, भाषण और व्याख्यान दिए गए। छात्र शोधकर्ताओं ने भी मौखिक और पोस्टर प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने कार्यों का प्रदर्शन किया। जिससे उभरते हुए वद्वानों को अपने शोध को साझा करने का मंच मिला। आईआईटी भिलाई के निदेशक और सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजीव प्रकाश ने अंतर्विषयक अनुसंधान के महत्व पर जोर देते हुए विभिन्न संस्थानों के शोधकर्ताओं के बीच संवाद और सीखने के बहुमूल्य अवसर मिलने के संदर्भ में बताया। ट्राइबोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष प्रोफेसर सतीश वीणा कैलाश ने व्यावहारिक चुनौतियों के समाधान के लिए शिक्षा जगत और उद्योग के बीच सहयोगात्मक अनुसंधान को बढ़ावा देने और तकनीकी नेटवर्क को मजबूत करने में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों की भूमिका को रेखांकित किया।सम्मेलन में 250 से अधिक शोधकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान मौखिक और पोस्टर दोनों श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति पुरस्कार प्रदान किए ।

## वार्षिकोत्सव में सालभर की गतिविधियों और श्रेष्ठता का प्रदर्शन करने किया गया पुरस्कृत

# नाट्य मंचन में दिखाया प्राचीन भारत का दृश्य, पारंपरिक वेशभूषा में नयनाभिराम प्रस्तुतियों से नन्हें बच्चों ने बटोरी वाहवाही

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** त्याग, तपस्या और बलिदान की भूमि है भारत... जहां बच्चे-बच्चे में राम और घर-घर बसती है सीता... जहां अनेक धर्म और संस्कृति की एकता विश्व में मिसाल है। विश्व गुरु के इस धरती पर ऋषि-मुनियों के संस्कार हिलोरी मारती है... प्राचीन भारत का यह नाट्य मंचन वार्षिकोत्सव में दिखाई दिया। दिव्य अनुभूति विद्यालय चांदनी चौक कोहका के वार्षिक स्नेह सम्मेलन में नन्हें कदमों ने आने वाले खतरों की ओर इशारा करते हुए एकता बनाए रखने का संदेश दिया, तो वहीं लोक संस्कृति, परंपरा और सुमधुर गीतों से पारंपरिक वेशभूषा में छात्र-छात्राओं ने नयनाभिराम प्रस्तुति देकर तालियां बटोरीं। इस अवसर पर स्कूल की अनेक गतिविधियों में सालभर श्रेष्ठता का प्रदर्शन करने वाले बच्चों को अतिथियों ने पुरस्कार प्रदान किए।








### बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की

वार्षिक उत्सव समारोह में भाजपा के बृजेश बिजपुरिया, कार्यक्रम संयोजक संगठन प्रभारी कवर्धा महेश वर्मा, अमित मिश्रा, निशिकांत शर्मा, संजय जे. दानी, स्वीटी कौशिक, डॉ. प्रदीप चौधरी, ब्रजकिशोर द्विवेदी, शारदा गुप्ता, कन्हैया लाल सोनी, सुरेश मालवीय, अशोक यादव, शैलेंद्र वर्मा और भानु जंघेल प्रमुख रुप से उपस्थित थे। सभी ने कार्यक्रम में सम्मिलित बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की। सांसद द्वारा स्कूल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बचपन यादों को ताजा कर भावुक भी हुए। उन्होंने सभी शिक्षकों और बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### साहिबजादा अजीत सिंह अवार्ड से सम्मानित

समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से साहिबजादा अजीत सिंह अवार्ड से सम्मानित, दिव्य अनुभूति विद्यालय में ग्यारहवीं का छात्र ओम उपाध्याय को उनकी वीरता और साहस के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल और स्कूल संचालक जेपी घनघोरकर, भाजपा के महेश वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य माधुरी वर्मा ने किया। साथ ही प्रभारी अन्नपूर्णा, रूपेश्वरी साहू, ममता पांडे, जागेश्वरी वर्मा, चित्रलेखा साहू, तिलेश्वरी साहू, अनिता शर्मा, रोहाणी जंघेल, विद्या देवांगन, गिरिजा जंघेल, मंजुलता ने बच्चों सभी पात्रों के विषय में जानकारी दी।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ ने सिक्किम को 229 रनों से हराया, देव ने लिए 4 विकेट



**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा सीनियर मेंस विजय हजारे वनडे ट्रॉफी का आयोजन 24 दिसंबर से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच 31 दिसंबर को जयपुर में सिक्किम टीम के विरुद्ध खेला गया। सिक्किम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 50 ओवरों में 3 विकेट खोकर 355 रनो का विशाल स्कोर बनाया। छत्तीसगढ की ओर से विकल्प तिवारी ने शानदार शतक लगाते हुये 57 गेंदों में 9 चौकों तथा 6 छक्कों की मदद से 112 नाबाद रन बनाये। आयुष पांडे ने 86 रन तथा कप्तान अमनदीप खरे ने नाबाद 83 रन बनाये। मयंक वर्मा ने 36 रनों का योगदान दिया। सिक्किम की ओर से अभिषेक तथा अंकुर ने 1-1 विकेट लिये। 356 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिक्किम 34 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर केवल 126 रन ही बना पायी। सिक्किम की ओर से गुरिंदर सिंह ने 47 रन तथा पालजोल ने 43 रन बनाये। छत्तीसगढ टीम की ओर से अपना पहला मैच खेल रहे देव आदित्य सिंह ने 4 विकेट प्राप्त किये वहीं अजय मंडल ने भी 4 विकेट झटके। छत्तीसगढ ने मैच 229 रनों से जीत लिया।

### सीनियर नेशनल क्रिकेट के लिए छत्तीसगढ़ टीम चयन 6 को

**भिलाई।** भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के तत्वाधान में महाराष्ट्र टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के द्वारा 36 वीं सीनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप पुरुष एवं महिला चैंपियनशिप 19 जनवरी से 22 जनवरी तक नागपुर महाराष्ट्र में आयोजित है। उक्त चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट संघ की पुरुष एवं महिला टीम प्रतिनिधित्व करेंगी। इसके लिए दिनांक 6 जनवरी को सेक्टर-1 क्रिकेट स्टेडियम में सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 तक चयन स्पर्धा आयोजित है। भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी 4 जनवरी तक आधार कार्ड के साथ सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट संघ रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बॉलक्रिकेट संघ के सचिव आजाद अहमद खान ने यह जानकारी दी।

### अंडर-19 एलिट क्रिकेट आज से

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत दूसरे राउंड के चार दिवसीय मैच 2 जनवरी से खेले जाएंगे। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में रायपुर एवं बिलासपुर ब्लू के मध्य, राजहरा में कांकेर विरुद्ध राजनांदगांव, धमतरी में दुर्ग विरुद्ध बिलासपुर और न्यू ग्राउंड कांकेर में बीएसपी विरुद्ध प्लेट कंबाइंड के बीच मुकाबले होंगे।

### नेशनल बॉक्सिंग में हिस्सा लेंगे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी



**भिलाई।** 9वीं एलिट पुरुष एवं महिला राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैम्पियनशिप 04 से 10 जनवरी तक गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा (यूपी) में आयोजित होने जा रही हैं। जिसमें छत्तीसगढ़ एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के सीनियर पुरुष एवं महिला खिलाड़ी भाग लेंगे। टीम में 47-50 किग्रा. आशुतोष यादव जिला दुर्ग , 50-55 किग्रा. रुद्र कुमार टंडन जिला- रायपुर , 55-60 किग्रा. शौर्य जीत सेनापति जिला दुर्ग , 60-65 किग्रा.-आकाश साहू जिला- रायपुर , 65-70 किग्रा, लोकेश साहू जिला- दुर्ग , 70-75 किग्रा यश केरकेटा जिला- दुर्ग , 75-80 किग्रा.- हितेश शर्मा जिला-दुर्ग , 80-85 किग्रा. शिशिर मौर्य जिला बिलासपुर , (85-90 किग्रा. ओम सोनी जिला- दुर्ग , +90 किग्रा. शेख आवेश जिला रायपुर पुरुष बॉक्सिंग के प्रशिक्षक-आर. राजू जिला- दुर्ग एवं सोनू ध्रुव जिला-रायपुर है।

छत्तीसगढ़ राज्य की महिला बॉक्सिंग टीम में 45-48 किग्रा. दीपाली जिला- बालोद , 48-51 किग्रा.-खुशबू तांडी जिला-दुर्ग , 51-54 किग्रा.-शुस्मिता नायक जिला- दुर्ग , 54-57 किग्रा. श्रुति शर्मा जिला बिलासपुर , 65-70 किया-अपूर्वा साहू जिला- दुर्ग एवं महिला टीम के प्रशिक्षक खुशबू जिला दुर्ग शामिल हैं। छत्तीसगढ़ राज्य बॉक्सिंग टीम पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों को अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए मैडल जीतने हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश एमोचर बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष- आर. राजेन्द्रन, बॉक्सिंग डिसिप्लिन कमेटी के चैयरमैन- वीरेंद्र यादव, सलेक्शन कमेटी के चैयरमैन- पी. के राय, छत्तीसगढ़ बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव चूडामणि ठाकुर, अंतर्राष्ट्रीय रेफरी/जज तिरथ राऊत, अशोक राऊत, राष्ट्रीय रेफरी/जज कुलदीप सोनकर सीनियर बॉक्सर नंद रामटेके एवं छत्तीसगढ़ बॉक्सिंग संघ के सभी पदाधिकारीगण जिले के आफिशियल एवं प्रशिक्षकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## कुछ आदतें छोड़ने इन स्टेप्स से आसान होगी आपकी राह

# इस साल आप भी करें नई शुरुआत, स्मोकिंग और शराब छोड़ने का लेंगे संकल्प तो जीत लेंगे सबका दिल

हम सभी वर्ष 2026 के साथ जीवन के नए पायदान पर आ गए हैं, नए साल के शुरुआत में बहुत से लोग अपने सेहत को ध्यान में रखते हुए सिगरेट और शराब छोड़ने का प्रण ले रहे हैं। अगर आप उनमें से एक हैं तो आपको तत्काल पहल करनी चाहिए।

वर्ष 2026 की शुरुआत के साथ ही हम सभी अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए नए संकल्प ले रहे हैं। बहुत से लोग अपनी बुराइयों को छोड़कर जीवन अच्छाई के रास्ते पर जानें का प्रण लेते हैं और इसी कड़ी में सबसे महत्वपूर्ण कदम है धूम्रपान और शराब जैसी हानिकारक आदतों को पूरी तरह छोड़ना। स्मोकिंग न केवल आपके फेफड़ों को छलनी करती है, बल्कि यह रक्त वाहिकाओं को संकुचित कर हृदय रोगों के खतरे को 50% तक बढ़ा देती है।

वहीं शराब का अत्यधिक सेवन लिवर को स्थायी रूप से क्षतिग्रस्त करने के साथ-साथ आपके मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन पर भी गहरा आघात करता है। चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि नशे की लत छोड़ना केवल इच्छा शक्ति का खेल नहीं है, बल्कि यह एक क्रमिक प्रक्रिया है जिसमें सही मार्गदर्शन और धैर्य की आवश्यकता होती है।

अगर आप इस साल इन आदतों को छोड़ने का मन बना चुके हैं, तो कुछ बातों को जानना आपके लिए बहुत जरूरी है। ध्यान रखें कि आपका शरीर पहले 24 घंटों के भीतर ही खुद को रिपेयर करना शुरू कर देता है। आइए इस लेख में इसी के बारे में जानते हैं।



### अपने 'ट्रिगर्स' को पहचानें और उनसे दूर रहें

नशा छोड़ने की राह में सबसे बड़ी बाधा वे 'ट्रिगर्स' होते हैं जो आपको पुरानी आदतों की याद दिलाते हैं। यह कोई विशेष मित्र मंडली, काम का तनाव या खाने के बाद की तलब हो सकती है। इनसे बचने के लिए अपनी दिनचर्या बदलें। जब भी तलब महसूस हो, तो तुरंत एक गिलास ठंडा पानी पिएं या गहरी सांस लेने का व्यायाम करें। शुरुआती कुछ हफ्ते चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं, लेकिन यही समय आपकी जीत तय करता है।

### आहार और पानी का सही संतुलन

धूम्रपान और शराब छोड़ने के दौरान शरीर से निकोटीन और अन्य टॉक्सिन्स को बाहर निकालना जरूरी है। इसके लिए खूब पानी पिएं और विटामिन-C से भरपूर फल जैसे संतरा और आंवला खाएं। निकोटीन की कमी से होने वाली बेचैनी को कम करने के लिए सौंफ या इलायची चबाना एक कारगर उपाय है। अच्छी डाइट न केवल शरीर को ऊर्जा देगी, बल्कि शराब की 'क्रेविंग' को भी कम करने में मदद करेगी।



### 'एंडोर्फिन' हॉर्मोन को सक्रिय करें

नशा छोड़ते समय दिमाग अक्सर डोपामाइन की कमी महसूस करता है, जिससे चिड़चिड़ापन बढ़ता है। इसे नेचुरल रूप से पूरा करने के लिए नियमित व्यायाम या योग का सहारा लें। जब आप कसरत करते हैं, तो शरीर में 'एंडोर्फिन' नामक हैपी हार्मोन रिलीज होते हैं, जो तनाव को कम करते हैं और आपको मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं। रोजाना कम से कम 30 मिनट की सैर आपके फेफड़ों की कार्यक्षमता को भी तेजी से सुधारती है।




### पेशेवर मदद और अपनों का साथ

एडिक्शन फ्रि होना एक लंबी लड़ाई है, जिसे अकेले लड़ना मुश्किल हो सकता है। अपने परिवार और दोस्तों को अपने फैसले के बारे में बताएं ताकि वे आपको प्रोत्साहित कर सकें। अगर तलब बेकाबू हो रही है, तो 'निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी' या किसी काउंसलर की मदद लेने में संकोच न करें। वर्ष 2026 को अपने स्वास्थ्य के नाम करें, आपकी एक छोटी सी कोशिश आपके जीवन में कई साल और खुशियां जोड़ सकती है।



## डिजिटल डिटॉक्स से दूर हो सकती हैं कई समस्याएं

डिजिटल डिटॉक्स आज के समय में स्वास्थ्य सुधार के लिए बड़ी जरूरत है। मोबाइल, लैपटॉप और सोशल मीडिया के कारण बढ़े हुए स्क्रीन टाइम से शारीरिक और मानसिक सेहत पर नकारात्मक असर डाला है। नया साल 2026 दस्तक दे रहा है। नया साल और नई शुरुआत, जीवन को बेहतर दिशा देने का एक सुनहरा अवसर है। बीते साल की गलतियों से सीख लेकर अगर हम इस साल अपनी सेहत को प्राथमिकता बना लें, तो आने वाला पूरा साल स्वस्थ और बेहतर रह सकता है। लाइफस्टाइल-खानपान में सुधार के साथ नियमित रूप से मेडिकल चेकअप की आदत बनाकर आप भी सेहत में सुधार कर सकते हैं।



स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, 70 प्रतिशत से ज्यादा बीमारियों की जड़ हमारी खराब जीवनशैली और गड़बड़ खानपान के आदतों से जुड़ी होती है। अगर समय रहते इन पर ध्यान दिया जाए तो कई तरह की दिक्कतों से बचा जा सकता है। नियमित शारीरिक गतिविधि भी सेहत की मजबूत नींव है।

साल 2026 में सेहत को ठीक रखने के लिए रोजाना 30 मिनट की वॉक-योग, आहार में सुधार और तनाव को कंट्रोल करना जरूरी है। इसके साथ स्वास्थ्य विशेषज्ञ डिजिटल डिटॉक्स की सलाह देते हैं। ये बेहतर कल की तरफ सबसे महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।

### डिजिटल डिटॉक्स सेहत के लिए जरूरी


स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, डिजिटल डिटॉक्स आज के समय में स्वास्थ्य सुधार के लिए बड़ी जरूरत है। मोबाइल, लैपटॉप और सोशल मीडिया के कारण बढ़े हुए स्क्रीन टाइम से शारीरिक और मानसिक सेहत पर नकारात्मक असर डाला है। इससे नींद की कमी, आंखों की समस्या और एकाग्रता में कमी जैसी समस्याएं काफी बढ़ गई हैं। ऐसे में डिजिटल डिटॉक्स बहुत लाभकारी हो सकता है। डिजिटल डिटॉक्स यानी मोबाइल, लैपटॉप जैसे उपकरणों के इस्तेमाल को सीमित करना। आइए जानते हैं इसके क्या-क्या फायदे हैं?

### नींद की गुणवत्ता होती है बेहतर

डिजिटल डिटॉक्स करने से आपको नींद से संबंधित समस्याओं में लाभ मिलता है। सोने से पहले मोबाइल या स्क्रीन देखने की आदत नींद को प्रभावित करती है। डिजिटल डिटॉक्स से नींद की गुणवत्ता सुधरती है और शरीर ज्यादा आराम महसूस करता है। जिन लोगों की नींद अच्छी होती है उनमें क्रॉनिक बीमारियों का जोखिम कम होता है।

### मानसिक स्वास्थ्य में सुधार

डिजिटल डिटॉक्स का सबसे बड़ा फायदा मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। लगातार नोटिफिकेशन, मैसेज और सोशल मीडिया अपडेट दिमाग को हमेशा एक्टिव मोड में रखते हैं, जिससे तनाव और चिंता बढ़ती है। जब हम कुछ समय के लिए डिजिटल दुनिया से दूरी बनाते हैं, तो दिमाग को आराम मिलता है और सोचने-समझने की क्षमता बेहतर होती है। डिजिटल डिटॉक्स करने से मूड बेहतर होता है, चिड़चिड़ापन कम होता है और डिप्रेशन जैसी समस्याओं का खतरा भी घटता है। लगातार स्क्रीन के सामने बैठने से आंखों में जलन, सिरदर्द, गर्दन और पीठ दर्द जैसी समस्याएं बढ़ती हैं। डिजिटल डिटॉक्स के दौरान जब स्क्रीन टाइम कम होता है, तो शरीर को हिलने-डुलने और एक्टिव रहने का मौका मिलता है। इससे फिजिकल एक्टिविटी बढ़ती है और लाइफस्टाइल ज्यादा हेल्दी बनती है। आंखों को आराम मिलता है और शरीर की थकान कम होती है।



## 10 मिनट में तैयार हो जाएंगे ये व्यंजन



नए साल पर अगर आप घर पर ही पार्टी प्लान कर रहे हैं, तो हम आपको कुछ ऐसे व्यंजन बता रहे हैं, जिसे बनाने के लिए ज्यादा पैसे की भी जरूरत नहीं होगी और ये आसानी से बन भी जाएंगे।

### पाव भाजी फोंडू

इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक कड़ाही में मक्खन गर्म कर लें। टमाटर की प्यूरी डालकर हल्की आंच पर पका लें। फिर नमक और लाल मिर्च डालकर भूनें। जब उबाल आने लगे तो ककड़ी और गाजर डाल दें। अब कद्दूकस किया हुआ आलू, पाव भाजी मसाला और बचा हुआ सभी सामान डाल दें। जब सभी सब्जियां अच्छी तरह से पक जाएं, तो दूध डालकर ग्रेवी को पतला करें। ग्रेवी को पतली करने के बाद उबाल आने का इंतजार करें। इस दौरान पाव को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटें और फिर स्टीक में लगाएं। गरमा-गरम भाजी के साथ सर्व करें।

### चीज बॉल्स

एक बाउल में मैदा को छान लें और गैस पर एक पैन को गर्म करने के लिए रख दें। जब पैन गर्म हो जाए तो हल्की आंच कर दें और मैदा डालकर लगातार चलाते हुए भुन लें, खुशबू आने लगे तो गैस बंद कर दें। इसके बाद एक दूध डालें और फिर चीज, हरी मिर्च का पेस्ट, नमक और बेकिंग सोडा डालकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। पेस्ट इतना गाढ़ा हो कि बाल्स आसानी से बन जाएं। अगर आप चाहें तो इसमें चावल का आटा भी मिक्स कर सकते हैं।सारी बॉल्स बनाने के बाद गैस पर कड़ाही में तेल गर्म करने के लिए रख दें। फिर बॉल्स को डालकर फ्राई करें और एक प्लेट में निकाल लें। बस आपकी चीज बॉल्स बनकर तैयार हैं, जिसे सॉस के साथ सर्व किया जा सकता है।

### मिंट पी क्रोस्टिनी

इस स्नैक्स को बनाना बहुत ही आसान है। ब्रेड के किनारों को निकालकर चार टुकड़ों को काट लें। फिर बटर लगाकर हल्की आंच पर तवे पर सेक लें। फिर एक जार में पुदीने के पत्ते, मटर, नमक और लाल मिर्च डालकर पेस्ट बनाएं। अब पेस्ट को एक कोन में फिल करें और ब्रेड के ऊपर रख दें। ऊपर से चिली फ्लेक्स और पुदीने के पत्ते डालें सर्व करें।



### ऐसे करें तैयार चॉकलेट केक खाकर हर कोई करेगा तारीफ

नए साल के लिए लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिस तरह से बहुत से लोग अपने दोस्तों के साथ बाहर पार्टी करने जाते हैं, और समय व्यतीत करते हैं, ठीक उसी तरह से बहुत से लोगों को अपने परिवार के संग समय बिताना पसंद होता है। चाहे पार्टी हो, या आप घर पर समय व्यतीत करें, नए साल के मौके पर सभी का मुंह मीठा कराना तो बनता ही है। अगर आप कुछ मीठा बनाने का सोच रहे हैं तो चॉकलेट केक एक बेहतर विकल्प है।

दरअसल, चॉकलेट केक एक ऐसी डिश है, जिसे बच्चे से लेकर बड़े तक काफी चाव से खाते हैं। इसे बनना भी काफी आसान है। अगर आपको कुछ और समझ नहीं आ रहा है तो आप अपने मेहमानों और घरवालों के लिए घर पर ही स्वादिष्ट चॉकलेट केक तैयार कर सकती हैं। आप इसे बनाकर अपने घरवालों को खुश कर सकती हैं। अगर आप न्यू ईयर की पार्टी के लिए घर पर केक तैयार करना चाहते हैं, तो सबसे पहले को अपने ओवन को 180 सेल्सियस पर प्री हीट कर लें। इसके बाद अब एक बड़े कटोरे में मैदा, बेकिंग पाउडर, बेकिंग सोडा और कॉको पाउडर को मिलाएं। इन सूखी चीजों को सही से मिलाने के बाद कटोरे में चीनी, दूध, तेल, वेनिला एक्सट्रेक्ट और अंडा डालें। अब इस चमचे की मदद से इसे सही से मिक्स करें। ध्यान रखें कि ना तो ज्यादा गाढ़ा होना चाहिए और ना ज्यादा पतला। इसका बेटर तैयार करते वक्त ये भी ध्यान रखें कि इसमें किसी तरह की गांठ नहीं पड़नी चाहिए। जब बेटर तैयार हो जाए तो इसमें चॉकलेट चिप्स डालें। बेटर तैयार करने के बाद एक केक पैन में तेल लगाकर इसे सही से ग्रीस करें। अब केक पैन में तैयार मिश्रण को डालें और 30-35 मिनट तक बेक करें।

कार्नर न्यूज

## साल की शुरुआत को अपनों के साथ बनाएं खुशनुमा

नए साल 2026 की शुरुआत हो गई है। नए साल के स्वागत को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। नया साल गुरुवार शुरु होने की वजह से छुट्टियों का मजा लोग नहीं ले पाए और अब इंतजार वीकेंड का है। लोग करीबियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देकर इस वर्ष की शुरुआत कर रहे हैं। इस मौके पर लोग पार्टी और घूमने की प्लानिंग वीकेंड को देखकर कर रहे है। हालांकि आप नए साल के जश्न को अधिक यादगार बनाने के लिए अपने दोस्तों या परिवार के सदस्यों को न्यू ईयर गिफ्ट दे सकते हैं। यहां नए साल के लिए कुछ खास तोहफे का आईडिया दिया जा रहा है, जिसे पाकर आपके प्रियजन खुश हो जाएंगे।

# नए साल पर दोस्तों और परिवार को दें ये खास तोहफे, हमेशा याद रखेंगे आपकी चाहत को



### डायरी

नए साल पर दोस्त या परिवार के किसी सदस्य को तोहफे में डायरी दे सकते हैं। डायरी उनके काफी काम आ सकती है। लोग अपने दिल की बात, अपने विचार या रोज की रूटीन को अपनी डायरी में लिख सकते हैं।इसके अलावा वह जरूरी बातों को या जानकारी को भी डायरी में संजोकर रख सकते हैं। डायरी न्यू ईयर रेजोल्यूशन की याद दिलाने के लिए भी एक अच्छा तरीका है।

### स्मार्ट वॉच

नए साल के मौके पर आप अपने परिवार के किसी सदस्य या दोस्त को तोहफे में स्मार्ट वॉच दे सकते हैं।

स्मार्ट वॉच फिटनेस और लाइफस्टाइल को मेंटेन करने में काफी मददगार होती है। इसके अलावा रूटीन लाइफस्टाइल को भी आसान बना सकती है। स्मार्ट वॉच के फीचर काफी काम के होते हैं

### किताब

अगर आपके दोस्त या परिजनों को पढ़ने का का शौक है तो उन्हें तोहफे में किताब दे सकते हैं। किताब उनके मनचाहे विषय पर होनी चाहिए। चाहे वह अध्यात्म से जुड़ी हो या फिटनेस, लाइफ स्टाइल और कविता-कहानियों का संग्रह हो। नया साल बिना ग्रीटिंग के कार्ड के अधूरा है। नए साल के मौके पर दोस्तों, रिश्तेदारों को न्यू ईयर की आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड तोहफे में दे सकते हैं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## मैडम तुसाद में अपने ही स्टैच्यू के साथ की हरकत, वीडियो वायरल



अभिनेता इद्रिस एल्बा का हाल ही में लंदन के मैडम तुसाद म्यूजियम में मोम का स्टैच्यू तैयार किया गया है। अब इद्रिस का एक वीडियो वायरल है, जहां वो अपने इस स्टैच्यू को देखकर हैरान रह गए। अंग्रेजी अभिनेता इद्रिस एल्बा का एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ये वीडियो लंदन के मैडम तुसाद म्यूजियम में उनके स्टैच्यू के अनावरण के समय का है। इस दौरान इद्रिस ने स्टैच्यू के चेहरे से ही अपने स्मार्टफोन को अनलॉक कर लिया। इसके बाद अभिनेता खुद हैरान रह गए। अब इद्रिस का ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दिखता है कि इद्रिस अपने स्टैच्यू के सामने अपने फोन को लेकर जाते हैं। इस दौरान वो इसे बिल्कुल अपनी तरह दिखाई देने पर हंस रहे होते हैं। मोम के अपने स्टैच्यू के सामने खड़े होकर वो कहते हैं कि इसे देखो। कुछ ही सेकंड में उनके फोन का डिजिटल लॉक आइकन खुल जाता है। हाई सिक्योरिटी वाले फेस आईडी लॉक के स्टैच्यू से ही खुल जाने से, इद्रिस पूरी तरह से हैरान रह जाते हैं। इद्रिस इससे पूरी तरह आश्चर्यचकित होते हुए कहते हैं कि समझ नहीं आ रहा कि इस पर क्या कहूं अब। मैं सचमुच पूरी तरह से हैरान हूं। वाह, ये कमाल है। इसके बाद इद्रिस ने अपनी मां ईव एल्बा के साथ मजाक करने के लिए इस स्टैच्यू का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि रुको मुझे अपनी मां को फोन करना है। वो तो हैरान रह जाएंगी। फिर उन्होंने अपनी मां को फेसटाइम कॉल की।

### टॉलीवुड

## प्रभास की 'द राजा साब' ने रिलीज से पहले कमाए करोड़ों, जानकर हो जाएंगे हैरान



फिल्म 'द राजा साब' का कुछ ही देर पहले ट्रेलर रिलीज हुआ है। जिसे देखने के बाद प्रभास के फैंस फिल्म की रिलीज को लेकर काफी उत्साहित हैं। लेकिन क्या आपको पता है फिल्म ने रिलीज से पहले ही करोड़ों की कमाई कर ली है।

प्रभास इन दिनों अपनी आने वाली एक्शन-थ्रिलर और हॉरर फिल्म 'द राजा साब' को लेकर काफी चर्चा में हैं। रिलीज से पहले ही इस फिल्म ने अमेरिका में एडवांस बुकिंग से करोड़ों रुपये कमा लिए हैं।

प्रभास की फिल्म 'द राजा साब' 2026 की पहली बड़ी फिल्म साबित हो सकती है। अमेरिका सहित कुछ विदेशी देशों में इसके टिकटों की प्री-सेल और एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। शुरुआती रुझान से लगता है कि फिल्म विदेश में अच्छी शुरुआत करेगी। फिल्म के निर्माताओं ने सोमवार सुबह एक पोस्टर जारी किया। इसमें बताया गया कि रिलीज से 10 दिन पहले, यानी 28 दिसंबर तक अमेरिका में प्रीमियर के लिए 2 लाख डॉलर (लगभग 2 करोड़ रुपये) से ज्यादा के टिकट बिक चुके हैं। पोस्टर में लिखा, 'रिबेल साब का क्रेज अभी शुरू हुआ है। उत्तरी अमेरिका में प्रीमियर के प्री-सेल्स में 2 लाख डॉलर से ज्यादा कमाई हो चुकी है और यह जारी है।'

'द राजा साब' एक हॉरर फैंटेसी फिल्म है। प्रभास की हिट फिल्मों 'सलार' और 'कल्कि 2898 AD' के बाद यह उनकी पहली फिल्म है, इसलिए फैंस को इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। मारुति के निर्देशन में बनी इस फिल्म में संजय दत्त, निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन, बोमन ईरानी और रिद्धि कुमार भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म की शूटिंग हैदराबाद के बाहर एक बहुत बड़े सेट पर हुई है, जो दुनिया के सबसे बड़े सेटों में से एक है। निर्माताओं ने फिल्म की भूतिया हवेली को पूरी तरह नए तरीके से बनाया है।

### भोजपुरी

## खेसारी का नए साल पर धमाका फैंस को दिया पार्टी सांग का गिफ्ट



खेसारी लाल यादव ने नए साल 2026 का जश्न मनाने के लिए फैंस को तोहफा दिया है। उनका नया भोजपुरी गाना 'वो हिलायेगी कमर न्यू ईयर में' रिलीज हो गया है, जो पार्टी सॉन्ग है। इस गाने को उन्होंने शल्पी राज के साथ गाया है। फैंस इस गीत पर लट्टू हो रहे हैं। पवन सिंह के बाद अब खेसारी लाल यादव ने भी अपने फैंस को नए साल का तोहफा दिया है। बिहार के लाल और हरफनमौला सिंगर-एक्टर का नया गाना 'वो हिलायेगी कमर न्यू ईयर में' मंगलवार को रिलीज हो गया है। यह एक विशुद्ध पार्टी सॉन्ग है, जिसका संगीत आपको झूमने पर मजबूर कर देगा। म्यूजिक वीडियो में अंदाज और माहौल भी पार्टी वाला है। गाने को 10 घंटे में ही 'खेसारी म्यूजिक वर्ल्ड' चैनल पर 6.40 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। फैंस तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। कॉमेंट सेक्शन में लोग कह रहे हैं कि इस बार नए साल पर यही गाना बजेगा, वो भी लूप पर। खेसारी लाल यादव का यह गाना 'वो हिलायेगी कमर न्यू ईयर में' तब आया है, जब 24 घंटे पहले ही पवन सिंह ने भी अपने चाहने वालों को 'बेडरूम में राजा' गाने का तोहफा दिया था।


पवन सिंह के गाने 'बेडरूम में राजा' को 24 घंटे में 1.2 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं। जबकि खेसारी के वीडियो की रफ्तार देखकर लग रहा है कि यह इतने ही समय में आसानी से 1.5 मिलियन के पार चली जाएगी।

## 2026 में बदलाव




भारत की होलसेल फैशन इंडस्ट्री ने साल 2025 में बड़े बदलाव देखे। अब साल 2026 हमारे सामने है। बीते साल में टेक्नोलॉजी में तरक्की, कंज्यूमर का बदलता व्यवहार और ग्लोबल फैशन का असर बहुत हद तक हमारी फैशन इंडस्ट्री को प्रभावित करते रहे। अब नए साल में उम्मीद की जा रही है कि डिजीटल प्लेटफार्म पर फैशन इंडस्ट्री और भी तेजी से बदलाव देखेगी। अब क्वालिटी एश्योरेंस और वैरायटी ही ग्राहकों की प्राथमिकता है।

## कोल्ड वैक्सिंग करवाते हुए इन टिप्स को ना करें नजरअंदाज



आजकल बहुत सी महिलाएं अनचाहे बालों को हटाने के लिए कोल्ड वैक्सिंग का सहारा लेती हैं। लेकिन अगर आप कोल्ड वैक्सिंग करवा रही हैं तो आपको कुछ छोटे-छोटे टिप्स को जरूर फॉलो करना चाहिए।

जब भी आप कोल्ड वैक्स को अपनी स्किन पर लगाएं, तो यह अवश्य सुनिश्चित करें कि आपकी स्किन अच्छी तरह क्लीन हो। इसलिए हमेशा यह सलाह दी जाती है कि अपनी स्किन पर मौजूद तेल, लोशन या गंदगी को हटाने के लिए पहले जेंटल क्लींजर का इस्तेमाल करें। अगर आप चाहती हैं कि कोल्ड वैक्स से आपको अधिक बेहतर रिजल्ट मिले और इनग्रोन हेयर की समस्या का सामना ना करना पड़े तो आप अपनी बॉडी को एक्सफोलिएट भी जरूर करें।

हालांकि, इस बात का ध्यान रखें कि आप उसी दिन एक्सफोलिएट ना करें, बल्कि एक या दो दिन पहले अपनी स्किन पर स्क्रब अप्लाई करें।

कुछ लोग यह सोचते है कि कोल्ड वैक्स हॉट वैक्स से अधिक सुरक्षित है, इसलिए वे इसे सीधे ही अपनी स्किन पर अप्लाई करना शुरू कर देते हैं। हालांकि, अगर आप पहली बार कोल्ड वैक्स कर रही हैं तो हमेशा एक छोटे से एरिया पर पैच टेस्ट करें। इससे आपको यह पता चल जाएगा कि कोल्ड वैक्स आपकी स्किन पर किस तरह रिएक्ट कर रही है।

हॉट वैक्स की ही तरह कोल्ड वैक्स को अप्लाई करने का भी एक सही तरीका होता है। अगर आप इसे गलत तरीके से अप्लाई करती हैं तो इससे आपको अधिक दर्द होता है। साथ ही साथ, बाल भी सही तरह से नहीं निकलते हैं। मसलन, आप कोल्ड वैक्स को हमेशा बालों के बढ़ने की दिशा में ही लगाएं। साथ ही, कोल्ड वैक्स स्ट्रिप लगाते समय इसे स्किन पर मजबूती से दबाएं। जिससे स्ट्रिप हटाते समय बाल आसानी से निकल जाएं।

## इस मौसम में आउटिंग के लिए इन कपड़ों को दें प्राथमिकता, ठंड से भी होगा बचाव



लोगों का ऐसा मानना है, कि जितनी खुशी के साथ आप इस मौसम में परिवार के साथ आउटिग पर जाएंगे आपका आने वाला समय उतनी ही खुशियों भरा होगा। ऐसे में हर कोई नए साल वाले दिन अपने परिवार और दोस्तों के साथ समय व्यतीत करता है। अगर आप भी अपने दोस्तों के साथ कहीं जाने या अपने शहर में ही आउटिंग का प्लान बना रहे हैं तो ये खबर आपके लिए है।



दरअसल, अब जब नया साल आ गया है तो सर्दी भी अपना सितम ढा रही है। ऐसे में नए साल पर आउटिंग के लिए आपको कपड़ों का ध्यान देने की बेहद जरूरत है। अगर आप ऐसा नहीं करेंगी तो ठंड के मौसम में आपकी तबियत खराब हो सकती है। इसी के चलते आज के लेख में हम आपको नए साल की आउटिंग के लिए कुछ फैशन टिप्स देंगे, ताकि ठंड भी आपसे दूर रहे और आप स्टाइलिश भी दिखें।



### जींस-टॉप

अगर ऐसे कपड़े पहनने का सोच रहीं हैं जो फुल भी हों, और जिसको पहनकर आपका लुक प्यारा भी लगे तो सबसे बेहतर विकल्प तो जींस और फुल टॉप ही है। वुलेन टॉप आपको आसानी से बाजार में मिल जाएंगे, जिसे आप कैरी करके जलवा दिखा सकती हैं।

### फ्लोरल कुर्ता

सर्दी के मौसम में जह हल्की-हल्की धूप निकलती है तो इस तरह का फ्लोरल कुर्ता आपको खूबसूरत लुक दे सकता है। ऐसे में अगर आप अपने दोस्तों के साथ घूमने जा रही हैं तो इस तरह का कुर्ता पहन सकती हैं। इसके साथ आप ओपन स्वेटर कैरी कर सकती हैं।

### ड्रेस के साथ कोट

अगर आप ड्रेस पहनने का सोच रही हैं तो इसके साथ ब्लेजर काफी कमाल का लगेगा। इस लुक को पूरा करने के लिए पैरों में बूट जरूर पहनें। ये आपको सर्दी से बचाएगा।

## इन वजहों से तो आपके बाल डल हो रहे, जानिए सबकुछ



कई लोगों के बाल बहुत अधिक बेजान व डल नजर आते हैं। इसके लिए वे कई उपाय अपनाते हैं। लेकिन उन्हें बालों के डल दिखने के कारणों की जानकारी नहीं होती है। तो चलिए जानते हैं इस बारे में।

कई बार ऐसा होता है कि हम तेज धूप में ओपन हेयर लुक में बाहर निकलते हैं। हालांकि, ऐसा करने से बालों की शाइन कहीं खो जाती है और बाल डल नजर आने लगते हैं। इतना ही नहीं, कई बार बहुत अधिक हवा चलने पर भी अगर बाइक आदि से ओपन हेयर में घूमा जाए तो इससे बाल डल हो सकते हैं। हम कभी इस ओर ध्यान नहीं देते हैं, लेकिन हेयर ड्रायर का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल करने से भी बाल डल नजर आ (दो मुंहे बाल) सकते हैं। अमूमन हम अपने बालों को वॉश करने के बाद उन्हें सुखाने के लिए हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन उसके बाद बालों पर सीरम नहीं लगाते हैं, जिससे बाल रूखे व डल बन जाते हैं। इतना ही नहीं, अगर नियमित रूप से हेयर ड्रायर का इस्तेमाल किया जाए तो भी बालों की शाइन कहीं चली जाती है। सुनने में आपको शायद अजीब लगे, लेकिन अगर आप अपने आहार पर ध्यान नहीं देते हैं तो इससे भी आपको बालों में डलनेस की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। कोशिश करें कि आप एक बैलेंस डाइट लें और उसमें आपको पर्याप्त विटामिन और मिनरल्स मिलें। इसका हेयर हेल्थ पर गहरा असर पड़ता है। यह एक छोटा सा स्टेप है, लेकिन इससे बालों की हेल्थ और उनकी शाइन पर गहरा असर पड़ता है। ऐसे बहुत से लोग हैं, जो बालों (कंडीशनर लगाने का तरीका) को शैम्पू तो करते हैं, लेकिन हर बार उसके बाद कंडीशनर को स्किप कर देते हैं। ऐसा करने से उनके बाल धीरे-धीरे डल व बेजान नजर आने लगते हैं।

## स्टाइलिश दिखने मफलर का ऐसे करें इस्तेमाल



सर्दी के मौसम में मफलर पहनने का ट्रेंड काफी पुराना है। मफलर आपको स्टाइलिश बनाने के साथ गर्मी देने का भी काम करता है। इसलिए अधिकतर लोग विंटर सीजन में मफलर को पहनना पसंद करते हैं। या यूं कहें कि मफलर के बिना विंटर वार्डरोब पूरा नहीं हो सकता है।

और हो न हो, शायद आप भी मफलर के शौकीन हैं! जैकेट, ब्लेजर, स्वेटर आदि विंटर टॉप वियर्स के साथ मफलर को लोग कैरी करते हैं। कई लोग इसे गले में लटका लेते हैं तो कई लोग गले में लपेट लेते हैं और कई लड़के मफलर को सिर पर बांधे दिखाई देते हैं। मगर सबसे पहले हमें मफलर को सही तरीके से पहनना मालूम होना चाहिए।

### जैकेट्स

विंटर जैकेट्स सर्दी के मौसम में अधिकतर लड़के पहनते हैं। मगर इसके साथ मफलर को पहनने का तरीका बहुत कम लोगों को पता है। इसी वजह से वे लोग मफलर पहनने के बाद अच्छे नहीं दिखते हैं। इसलिए जैकेट्स और मफलर को सही तरीके से पहनना जान लें।

### पहला तरीका

विंटर जैकेट्स के साथ मफलर को पहनने का सही तरीका है- उसको गले में लटका लें। दोनों ओर से बराबर रूप से मफलर के दोनों सिरे लटके हुए होने चाहिए। यहां पर एक बार ध्यान रखें कि मफलर की लेंथ जैकेट्स की लेंथ से बड़ी नहीं होनी चाहिए।

### दूसरा तरीका

इसके अलावा मफलर को दोहरा करके अपनी गर्दन के दोनों तरफ डालें। मफलर के खुले छोर वाले हिस्से को दूसरी तरफ वाला फंदा बने हिस्से में डालकर हल्का सा कस लें।

### स्वेटर्स

स्वेटर्स और मफलर का कॉम्बिनेशन सबसे पुराना है। ये दोनों लंबे समय से एक दूसरे के साथ ही रह रहे हैं।

### कार्नर न्यूज

### नए साल की पार्टियों में खुद को इस अंदाज में तैयार करें

## नए साल की पार्टियों में बिखेरें भरपूर जलवा कम बजट में अपनाएं खुद की बेहतर स्टाइल

नया साल अपने साथ ढेरों खुशियां लेकर आया है। यही वजह है कि ये मौका होता है जब लोग अपनी पुरानी यादों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास करते हैं। इसी के चलते नए साल पर जगह-जगह पार्टी का आयोजन चल रहा है, जिसमें शामिल होने के लिए लोग बेहद सजते और संवरते हैं। नए साल की पार्टियों में शामिल होना और खुशियां मनाना सभी का सपना होता है। इसके लिए खासतौर पर महिलाएं खूब नए-नए कपड़े खरीदती हैं लेकिन अगर बजट सीमित हो तो ये थोड़ा मुश्किल हो सकता है। ऐसे में अगर आप नए साल की पार्टी के लिए नए कपड़े नहीं खरीदना चाहते तो कुछ टिप्स पर ध्यान दे।

तो ये समझने की जरूरत है कि आप कम बजट में भी स्टाइलिश और आकर्षक दिख सकते हैं, बशर्ते आप सही प्लानिंग और टॉप टिप्स का पालन करें। हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताएंगे जिससे आप नए साल की पार्टी में शानदार दिख सकते हैं, बिना ज्यादा खर्च किए।



### सिंपल और स्टाइलिश कपड़े चुनें

सिंपल आउटफिट्स भी आपको पार्टी में स्टाइलिश बना सकते हैं, और ये आपके बजट में भी फिट हो सकते हैं। इसके लिए किसी आकर्षक रंग का टॉप या ड्रेस चुनें, जैसे ब्लैक, रेड, या गोल्डन जो पार्टी के माहौल को बढ़ा दें। आप फिटेड पैंट्स या स्कर्ट के साथ भी अच्छी तरह से मैच कर सकती हैं।

### एक्सेसरीज का इस्तेमाल करें

एक्सेसरीज हर किसी के लुक को खास बना सकती हैं, और ये महंगी नहीं होतीं। बाजार में कम बजट में बहुत सारी खूबसूरत और सस्ती चूड़ियां, नेकलेस और इयररिंग्स मिल जाती हैं। आप इनसे अपनी ड्रेस को एक नया ट्विस्ट दे सकती हैं। अगर आप वेस्टर्न कपड़े पहन रही हैं तो स्टाइलिश चेन या स्टड्स पहन सकती हैं, और अगर ट्रेडिशनल आउटफिट्स हैं तो कुछ हैवी ज्वेलरी भी पहन सकती हैं। एक अच्छा ब्रेसलेट या रिंग भी आपके लुक को और ग्लैमरस बना सकता है।

### डीआईवाई मेकअप और हेयरस्टाइल

आप महंगे सैलून पर जाने के बजाय घर पर ही अपना मेकअप और हेयरस्टाइल कर सकती हैं। यूट्यूब पर कई ऐसे चैनल्स हैं जहां पर बेसिक मेकअप और हेयरस्टाइल के टिप्स मिल जाते हैं। एक हल्का सा ग्लोइंग मेकअप और नॉर्मल हेयरस्टाइल जैसे सॉफ्ट कर्ल्स या एक स्मार्ट बन, आपको पार्टी में आकर्षक बना सकते हैं। इसके अलावा, अगर आप कुछ ज्यादा ट्रेंडिंग लुक चाहती हैं तो लाइट स्मोकी आई मेकअप या मैट लिपस्टिक का इस्तेमाल भी कर सकती हैं।

### स्मार्ट शॉपिंग करें

शॉपिंग करते समय डिस्काउंट्स का पूरा फायदा उठाना बहुत जरूरी है। आज-कल कई जगहों पर सेल चल रही है, जो अगले ही दिन सामान डिलीवर कराते हैं। आपके लिए ये एक बेहतरीन मौका है कम बजट में खूबसूरत कपड़े खरीदने का। कई बार एक ही कपड़े का डिजाइन अलग-अलग ब्रांड्स में होता है, लेकिन कीमतें अलग होती हैं। इसीलिए, अपने बजट के हिसाब से सही ब्रांड का चयन करें। साथ ही, ऐसे कपड़े खरीदें जिन्हें आप पार्टी के अलावा भी अलग-अलग मौके पर पहन सकें, ताकि उनका इस्तेमाल ज्यादा हो सके।

